




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल














## खास-खबर

### सियासत : निगम चुनाव टलने पर भड़के केजरीवाल कहा- हार के डर से भाग रही है भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम चुनाव टलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा शासित केंद्र सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग पर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर इसे भाजपा को हार का डर करार दिया है। वहीं, दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग को केंद्र सरकार के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया है। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? जबकि उपमुख्यमंत्री ने चुनावों को टालने के आयोग के कदम को लोकतंत्र की हत्या बताया है।

आयोग की तरफसे चुनाव की तिथि घोषित न करने की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा के इस षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देगी और एमसीडी में 260 सीटों के साथ आप की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि निगम चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे?

### घाटी में ऑपरेशन: सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, पुलवामा में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पुलवामा के नैना बटपोरा में सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खिलाफबड़ा ऑपरेशन चलाया है। इस दौरान एक आतंकी मारा गया। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मौके पर अन्य आतंकियों के फंसे होने की जानकारी मिल रही है। उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा जा रहा है। पूरे इलाके में आवाजाही बंद कर दी गई है।

नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दरअसल पुलिस को नैना बटपोरा में कुछ संदिग्धों के एकत्र होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना और सीआरपीएफकी संयुक्त टीम ने मौके पर अभियान शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों ने फायरिंग करने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। अन्य से सुरक्षाबल आत्मसमर्पण करवाने के लिए स्थानीय लोगों अन्य की मदद ले रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकियों के खिलाफ अभियान जारी है।

विधानसभा चुनाव परिणामः चार राज्यों में भाजपा बहुमत की ओर, पंजाब में आप, कांग्रेस साफ

# योगी साबित हुए उपयोगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद घंटों में उत्तर प्रदेश की पूरी सियासी तस्वीर साफ हो जाएगी। पता चल जाएगा कि अगले पांच साल सूबे की कमान किसके हाथ में होगी। लेकिन इसके पहले जो रुझान सामने आ रहे हैं उससे एक बात साफहै कि भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ यूपी में सरकार बना सकती है। एग्जिट पोल के अनुमान काफी हद तक सही होते नजर आ रहे हैं। इससे यह साबित होता है कि यूपी में योगी उपयोगी साबित हुए हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर तमाम विपरीत चुनौतियों के बावजूद योगी आदित्यनाथ कैसे अखिलेश यादव पर भारी पड़ गए?

उत्तर प्रदेश में छह महीने पहले एकतरफा मुकाबला था। मतलब सियासी गलियारे में ये चर्चा थी कि योगी आदित्यनाथ फिर से चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन देखते ही देखते पूरा खेल बदल गया। चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के खिलाफ माहौल बन बया। एक के बाद एक योगी के तीन मंत्रियों समेत 11 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी। सभी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। यहीं से समाजवादी पार्टी ने अपने पक्ष में माहौल बना लिया। यहां तक कहा जाने लगा था कि इस बार भाजपा चुनाव हार सकती है।

***आखिर क्यों अखिलेश पर भारी पड़ गए योगी?***

***कानून व्यवस्था :*** सस्ती बिजली, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा, शिक्षामित्रों को फिर से सहायक अध्यापक बनाने और पुरानी पेंशन लागू करने जैसे बड़े चुनावी घोषणाएं भी योगी सरकार की कानून व्यवस्था के आगे फेल हो गए। योगी आदित्यनाथ लोगों को यह समझाने में कामयाब हुए कि कानून व्यवस्था बेहतर रही तो प्रदेश का विकास तेजी से होगा। यही नहीं, चुनावी दौर में सपा नेताओं के आए विवादित वीडियो भी अखिलेश के खिलाफचले गए। अखिलेश ने जितना माहौल बनाया था, वो सब पीछे हो गए। महिलाओं ने अखिलेश के किसी भी वादे की बजाय योगी के कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया।

***महिलाओं का मिला पूरा समर्थन:*** पिछले कुछ चुनावों में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत महिलाएं बनकर उभरी हैं। पीएम आवास योजना से लेकर उज्जवला गैस योजना और बिजली योजना तक सब ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया। महिलाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी योगी आदित्यनाथ का साथ दिया। राजनीतिक विश्लेषक प्रो. अजय कुमार सिंह बताते हैं कि ये चुनाव के नतीजे साफबताते हैं कि मुस्लिम महिलाओं ने भी भाजपा सरकार को वोट दिया है।

***मुफ्त राशन बांटना काम आया:*** कोरोनाकाल में तीन साल से भाजपा की सरकार हर गरीब तक मुफ्त राशन पहुंचा रही थी। गांव-गांव में लोगों ने इसकी तारीफ की। पीएम मोदी और सीएम योगी अपनी रैलियों में भी इसका जिक्र हमेशा करते थे। इसका फायदा भी भाजपा को मिला।

***किसान सम्मान निधि और आवास योजनाएं:*** पीएम किसान सम्मान योजना के तहत हर साल छोटे किसानों को छह हजार रुपये दिए जाते हैं। ये रकम सीधे किसानों के खाते में जाती है। गांव-गांव में किसान इसकी तारीफभी करते हैं। इसके अलावा आवास योजना और शौचालय के लिए भी गरीब व मध्य वर्ग के लोगों को अच्छी खासी रकम दी जाती है। खुले मंच से लोग इसकी तारीफकरते हैं। चुनाव में भाजपा के लिए ये योजनाएं काफी मददगार साबित हुईं।

***दलित वोटर्स का भाजपा में आना:*** वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद श्रीवास्तव बताते हैं कि करीब 70 प्रतिशत दलित वोटर्स बहुजन समाज पार्टी से शिफ्ट होकर भाजपा की तरफआ चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने काफी कोशिशें कीं, लेकिन दलित वोटर्स का भरोसा नहीं जुटा पाई। ऐसा इसलिए क्योंकि जब सपा की सरकार थी, तब सबसे ज्यादा दलितों पर अत्याचार के मामले सामने आए थे। इसलिए बसपा के बाद दलित वोटर्स का अगर किसी पार्टी पर भरोसा बन पाया है तो वह भाजपा है।

### पंजाब में आप की सूनामी

दिल्ली की सरहद के बाहर आम आदमी पार्टी ने पंजाब में भी अपना परचम लहरा दिया है। आप पंजाब में न सिर्फसबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि बहुमत के आंकड़े से भी बहुत आगे निकलती नजर आ रही है। आप के सीएम कैंडिडेट भगवंत मान ने 45 हजार वोटों से रिकॉर्ड जीत दर्ज की है। इधर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह 13 हजार तो सुखबीर सिंह बादल 12 हजार वोट से चुनाव हार गए हैं। मौजूदा सीएम चन्नी और कांग्रेस के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू भी कोई कमाल नहीं दिखा पाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि दूसरे नंबर के लिए कांग्रेस और अकाली दल में टक्कर है, लेकिन दोनों पार्टियां मिलकर भी आप के चौथाई हिस्से तक भी पहुंचती नजर नहीं आ रही हैं। वहीं, भाजपा दहाई का अंक छूने के लिए भी तरस गई है।

### गोवाः सीएम सावंत की लगातार तीसरी बार जीत कहा- एमजीपी के साथ सरकार बनाएंगे

देश के सबसे छोटे राज्य गोवा की सांकेलिम सीट से सीएम प्रमोद सावंत लगातार तीसरी बार जीत गए हैं। इसके बाद सावंत ने कहा है कि बीजेपी 20 से ज्यादा सीटें जीत रही है। हम महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। खबर ये भी है कि पार्टी आज ही राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। राज्य में बीजेपी 19 सीटों पर आगे चल रही है। पणजी सीट से बीजेपी के अतानासियो मोनसेराटे ने 710 वोटों से जीत गए हैं। उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर पर्रिकर के बेटे और निर्दलीय उम्मीदवार उत्पल को शिकस्त दी। उधर, कांग्रेस 12, एमजीपी+3 और आप 2 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। अन्य उम्मीदवार 4 सीटों पर लीड कर रहे हैं।

### मणिपुर में भी कांग्रेस पस्त, भाजपा बहुमत की ओर

मणिपुर विधानसभा के चुनावी नतीजे आ रहे है और भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाती दिख रही है। हालांकि एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह संभव है कि अंतिम नतीजे तक बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिले लेकिन बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर आएगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। दोपहर तक हुई मतगणना के मुताबिक 60 में से 41 सीटों पर गिनती के नतीजे आ रहे हैं और बीजेपी ने 22 सीटों पर बढ़त बनाई हुई है। नेशनल पीपुल्स पार्टी जो सत्ता में पार्टनर थी लेकिन अबकी अकेले चुनाव लड़ रही है, 6 सीटों पर आगे चल रही है।

### उत्तराखंड में पूर्व सीएम हरीश रावत सालगिरह के दिन हारे

भाजपा का उत्तराखंड में सरकार बरकरार रखने वाली पहली पार्टी बनने का इतिहास रचना लगभग तय हो गया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को अपनी शादी की सालगिरह के दिन दोहरा झटका लगा है। एकतरफकांग्रेस सरकार बनाने की होड़ से दूर हो गई है, वहीं रावत खुद लालकुआं सीट पर भाजपा के मोहन बिष्ट से 14 हजार से ज्यादा वोटों से हार गए हैं। हालांकि उनकी हार की अभी तक चुनाव आयोग ने आधिकारिक घोषणा नहीं की है। उत्तराखंड में भाजपा ने 70 सीट में 44 सीट पर बढ़त बना रखी है।

## दांव पर छत्तीसगढ़ के दिग्गजों की प्रतिष्ठा परिणाम तय करेगा नेताओं का सियासी कद

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब व मणिपुर विधानसभा चुनाव में वोटो की गिनती शुरू हो गई है। सबसे बड़े राज्य यूपी में विधानसभा चुनाव की लगभग दो महीने लंबी चली कवायद के बाद अब सारी निगाहें चुनाव के नतीजों पर टिक गई हैं। छत्तीसगढ़ के दिग्गज भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने इन राज्यों में चुनावी कमान संभाली थी। परिणाम के साथ ही प्रदेश के दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। चुनाव परिणाम न सिर्फ नेताओं का सियासी कद तय करेगा बल्कि, भविष्य के लिए भी तस्वीर साफकरेगी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश की 403 सीटों के लिए सात चरणों में हुए चुनाव के परिणाम आज घोषित किए जाएंगे। आज के नतीजों के बाद यह साफहो जाएगा कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार दूसरी बार अपनी सरकार बनाकर कीर्तिमान रचती है या समाजवादी पार्टी (सपा) पांच साल बाद फिर सत्ता में लौटती है। या फिर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अथवा अन्य कोई दल या गठबंधन सभी को चौंकाते हुए सत्ता के शीर्ष पर पहुंचता है। ये कुछ घंटों की काउंटिंग में साफ हो जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के नेताओं की धड़कनें भी तेज

चुनावी रुझानों के आने के साथ ही सियासी पारा चढ़ और उतर रहा है। पांच राज्यों के चुनावी परिणाम ने छत्तीसगढ़ के नेताओं की धड़कनें बढ़ा दी है। कांग्रेस पार्टी के लिए सीएम भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, कई मंत्रियों, विधायकों सहित कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने चुनावी कमाल संभाली थी। कई महीनों तक प्रचार किया। वहीं भाजपा के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल सहित कई दिग्गजों ने चुनावी रण में जमकर पसीना बहाया था। पांच राज्यों के जिस विधानसभा क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ के नेताओं को कमान सौंपी गई थी, उन सीटों पर दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

### दिग्गजों के बीच जमकर चले जुबानी जंग

बता दें कि पांच राज्यों में हो रहे चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ के भाजपा व कांग्रेस के नेताओं में जुबानी जंग चलती रही है। दोनों ही दलों के नेता अपनी-अपनी जीत के दावे करते रहे हैं। साथ ही शब्दों के बाण भी जमकर चले। चुनावी सभाओं के बाद प्रदेश के दिग्गज नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत का दावा भी किया है। जनता ने किसे जनादेश दिया है, इसके रुझान आने शुरू हो गए हैं। चुनावी परिणाम दोपहर तक लगभग स्पष्ट हो जाएंगे, लेकिन रुझान के साथ ही दिग्गजों के दावों का दम भी निकलना शुरू हो गया है। प्रदेश के सियासी गलियारों में इसे लेकर चर्चा भी शुरू हो गई है।

फ्लॉवर शो: भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग

## मैत्री बाग में 13 मार्च को सजेगी फूलों की बगिया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोविड-19 संक्रमन के कारण लगभग दो माह तक बंद रहने के बाद खुले मैत्री बाग में फ्लावर शो का शेड्यूल तय हो गया है। 13 मार्च को मैत्री बाग में फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9:00 बजे से यह फ्लावर शो शुरू होगा। इस फ्लावर शो के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा शहर के लोगों को भाग लेने आमंत्रित किया गया है।

बता दें कोविड संक्रमण के तीसरी लहर के कारण मैत्री बाग 53 दिनों तक बंद रहा। सामान्य होने के बाद हाल ही में मैत्री बाग खुला है। इसके बाद से फ्लावर शो को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही है। कम समय होने के कारण इसके होने पर संशय था। हालांकि प्रबंधन ने अब स्पष्ट कर दिया है। 13 मार्च को सुबह 9 बजे से फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा।

- बीएसपी व नॉन बीएसपी के लिए आवासीय बागवानी प्रतियोगिता।
- बीएसपी व नान बीएसपी के लिए शालेय बागवानी प्रतियोगिता।
- गमलों में लगे कि कैक्टस, बोनसाई, कोटन, फोलियाज, फर्न, सेवंती, डहेलिया, गुलाब एवं मौसमी पौधों की प्रतियोगिता।
- सेवंती, डहेलिया, गुलाब एवं मौसमी पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता।
- पुष्प सज्जा फल एवं सब्जियों से तैयार मॉडल रंगोली प्रतियोगिता।
- घर के बगीचों में उत्पादित विशेष सब्जी एवं फलों का प्रदर्शन।
- स्कूलों बच्चों एवं अन्य के लिए अलग से सब्जियों एवं फलों से तैयार सलाद का प्रदर्शन।
- गमलों में कम से कम 20 औषधीय पौधों का प्रदर्शन।
- फूलों की रंगोली की प्रतियोगिता।
- स्कूली बच्चों के लिए माला एवं पुष्पगुच्छ का प्रदर्शन

### पिछले वर्ष नहीं हुआ था फ्लावर शो

बता दें कोरोना की दूसरी लहर के दौरान 2021 को फ्लावर शो का आयोजन नहीं किया जा सका। 1976 से लगातार मैत्री बाग में फ्लावर शो का आयोजन किया जाता रहा है। 2021 में पहली बार ऐसा हुआ कि फ्लावर शो का आयोजन नहीं किया जा सका। इस बार भी आंशका व्यक्त की जा रही थी कि फ्लावर शो नहीं हो पाएगा। प्रबंधन द्वारा भी तैयारियों के लिए समय कमी का हवाला दिया जा रहा था। हालांकि अब स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। मैत्री बाग के प्रभारी डॉ एनके जैन ने बताया कि इस बार फ्लावर शो के लिए तय शेड्यूल के अनुसार फ्लावर शो को अलग-अलग कैटेगरी में डिवाइड किया गया है।



### वर्ल्ड कप में पहली हार: हरमनप्रीत का अर्धशतक बेकार, न्यूजीलैंड 62 रन से जीता

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। मेजबान न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन के सेडन पार्क में खेले गए मैच में भारत को 62 रन से हरा दिया। उपकप्तान हरमनप्रीत कौर का अर्धशतक बेकार गया। महिला वनडे विश्व कप के आठवें मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 62 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 260 रन बनाए। टीम की ओर से एमी सैटर्थवेट ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। 261 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 46.4 ओवर में 198 रन पर सिमट गई। उपकप्तान हरमनप्रीत कौर का अर्धशतक बेकार गया। वे 63 गेंदों पर 71 रन बनाकर आउट हुईं।

## इनकम टैक्स के ताबड़तोड़ छापे, रायपुर और कवर्धा के कारोबारियों के ठिकानों पर भी शिकंजा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पांच शहरों में बुधवार सुबह इनकम टैक्स की छापेमारी से हड़कंप मच गया। इनकम टैक्स की टीम सुबह-सुबह कारोबारियों के ठिकानों पर पहुंच गई और जांच तेज कर दी। मामला करोड़ों की टैक्स चोरी का बताया जा रहा है, जिससे जुड़े सबूत जुटाने की कोशिश की जा रही है।

### सीएम बघेल ने पहले ही कर दिया था आगाह

बताया जा रहा है कि सीएम भूपेश बघेल ने पहले ही आगाह कर दिया था कि इनकम टैक्स के छापे पड़ने वाले हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय एजेंसियों का सियासी इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि मोदी सरकार अपने विरोधियों को परेशान करने का काम रही है, हो सकता है चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में ईडी और आईटी का दौरा हो। ये लोग असहमति को बर्दाश्त नहीं कर सकते, बस इसी बात की लड़ाई है। अगर कोई असहमति जताता है तो उसे कुचल दिया जाता है।

### इन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी

कवर्धा में कारोबारी कन्हैया अग्रवाल और जशपुर के कांट्रेक्टर विनोद जैन के रायपुर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई है। इसके अलावा कन्हैया अग्रवाल के अशोका रतन स्थित मकान और पंडरी के होटल पुनीत स्थित दफ्तर में भी दबिश दी गई है। विनोद जैन के हीरापुर स्थित कुछ फैक्ट्री में भी अलग-अलग टीमें जांच कर रही हैं।




## संपादकीय

# रूस पर प्रतिबंध

रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते युद्ध की विश्व पर पड़ती-बढ़ती आंच से बहुत कुछ तपने लगा है। युद्ध का निरंतर खतरनाक होते जाना न केवल दुखद, बल्कि मानवता के लिए शर्मनाक भी है। बड़ी शक्तियों के बीच प्रत्यक्ष-परोक्ष संघर्ष का जो सिलसिला चल निकला है, पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। रूस के खिलाफसैन्य कार्रवाई से बच रहा नया अमेरिका प्रतिबंधों से नकेल कसता चला जा रहा है। अब रूस को गहराई से नुकसान पहुंचाने के लिए अमेरिका ने वहां से तेल-गैस आयात को रोक दिया है। अगर अमेरिका तेल-गैस को रूस की अर्थव्यवस्था की मुख्य धमनी मानता है, तो फिर क्या वह यह कदम पहले नहीं उठा सकता था? ऐसे जरूरी प्रतिबंध के लिए अमेरिका को भला 12 दिन क्यों इंतजार करना पड़ा? क्या अमेरिका रूसी तेल-गैस पर निर्भर हो गया था या युद्ध रोकने से ज्यादा उसे तेल-गैस की चाहत थी? खैर, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफकह दिया है कि वह रूसी तेल, गैस और ऊर्जा के सभी आयातों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, तो यकीन मानिए, रूस इस युद्ध को और तीखा कर देगा, ताकि जल्दी से जल्दी अपने मकसद तक पहुंच सके। अमेरिकी कदम दूरगामी रूप से रूस को जरूर नुकसान पहुंचाएगा, लेकिन तात्कालिक रूप से प्रतिउत्पादक भी साबित हो सकता है।

"अमेरिका भी धीरे-धीरे भारत पर शिकंजा कसेगा, ताकि भारत किसी भी सूरत में रूस को प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ न पहुंचा पाए। अत: भारत को आगे बढ़कर समान सोच वाले देशों के साथ मिलकर युद्ध विराम के लिए प्रयास तेज करने चाहिए। यूक्रेन के लोगों के पक्ष में बड़े और ईमानदार प्रयासों की जरूरत है। अभी यूक्रेन में इंसानियत हार रही है। लोग मर रहे हैं, शहर तबाह हो रहे हैं। ऐसे में, जरूरी है कि रूस पर लग रहे प्रतिबंध सकारात्मक रूप से दुनिया को इंसानियत की ओर ले जाएं।

बहरहाल, अमेरिकी घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों ने उछाल का रुख कायम रखा है। तेल कहीं 131.2 डॉलर प्रति बैरल है, तो कहीं 126.3 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है। भारत को भी प्रति बैरल 126 डॉलर तेल खरीदना पड़ रहा है। रूस ने पहले ही चेतावनी दे रखी है कि तेल के कीमत 300 डॉलर के पार जाएगी। रूस की धमकी के बाद ही अमेरिका ने कदम उठाकर दिखाया है, ताकि रूस के हाथों में तेल की कीमतों की कमान न रहे। अमेरिका की अब कोशिश होगी कि रूस से दुनिया का कोई भी देश तेल, गैस नहीं खरीदे। ब्रिटेन सरकार ने भी रूसी तेल आयात पर प्रतिबंध लगा दिए हैं, जबकि यूरोपीय संघ ने एक वर्ष के भीतर रूसी गैस के आयात को दो-तिहाई कम करने के कार्यक्रम का खुलासा किया है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऊर्जा के लिए यूरोपीय देश रूस पर कितने निर्भर हैं। रूस पर इन देशों की ज्यादा निर्भरता से भी रूस की महत्वाकांक्षा को बल मिला होगा। यह सावधान होने का समय है, दूसरे देशों पर निर्भरता बहुत महंगी पड़ने वाली है और यह पाबंदी रूस को भी महंगी पड़ेगी।

अब सवाल यह है कि भारत जैसे देशों का क्या होगा, जो रूस पर अनेक मामलों में निर्भर हैं। लगे हाथ हमें, चीन पर भी अपनी निर्भरता के बारे में सोच लेना चाहिए। अभी भारत को रूसी ऊर्जा की आपूर्ति कम है, लेकिन भारत और रूस के बीच बहुआयामी ऊर्जा जुड़ाव से चिंता बढ़ने लगी है। ध्यान रहे, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। आंच बेशक भारत तक पहुंच रही है। अमेरिका भी धीरे-धीरे भारत पर शिकंजा कसेगा, ताकि भारत किसी भी सूरत में रूस को प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ न पहुंचा पाए। अतः भारत को आगे बढ़कर समान सोच वाले देशों के साथ मिलकर युद्ध विराम के लिए प्रयास तेज करने चाहिए। यूक्रेन के लोगों के पक्ष में बड़े और ईमानदार प्रयासों की जरूरत है। अभी यूक्रेन में इंसानियत हार रही है। लोग मर रहे हैं, शहर तबाह हो रहे हैं। ऐसे में, जरूरी है कि रूस पर लग रहे प्रतिबंध सकारात्मक रूप से दुनिया को इंसानियत की ओर ले जाएं।

"हमें अपनी चुनावी जीत-हार को मर्यादित आचरण के साथ बांधने की जरूरत है। जीतने वाला व्यक्ति और दल कुछ खास कारणों से बहुमत का अधिकारी बना है। इसमें देश, काल, पात्र को महत्व देने के बजाय अपने को रावण और कंस जैसा बनाना न स्वयं के लिए उचित है और न यह काम जनतंत्र निर्माण की शर्तों पर स्वाभाविक ठहरता है।

# जीत-हार में लड़ने-भिड़ने की बीमारी

आनंद कुमार,समाजशास्त्री

भारतीय समाज में चुनाव के जरिये अपनी सरकार बनाना या सरकार को हटाने का अनुभव सौ साल से भी कम का है, लेकिन चुनाव की प्रक्रिया का समाज में जो प्रभाव पड़ रहा है, वह बहुत चिंताजनक है। चुनाव के जरिये जनप्रतिनिधियों के चयन के दौरान अपने विरोधी दलों को निकृष्ट और समाज के खलनायक के रूप में चित्रित करने की बीमारी रही है। कोई भी जनतांत्रिक सरकार बिना सक्षम और समर्थ विरोधी दलों के चल ही नहीं सकती। मगर हम चुनाव में जनता को यह समझाने की कोशिश करने लगे हैं कि मेरे दल द्वारा नामांकित व्यक्ति ही आपके हितों का एकमात्र चौकीदार है, बाकी सब आपके अहितकारी हैं।

साफ है, हम चुनाव की प्रक्रिया को जनतंत्र-निर्माण के बजाय व्यक्ति की महिमा और दलों के एकाधिकार का अवसर बना रहे हैं। यह पूरी तरह से राजनीतिक असहिष्णुता और सीमित तानाशाही की पृष्ठभूमि बनाता है। चुनाव को हुल्लड़ और जानलेवा मुकाबले के रूप में बदलना चुनाव और जनतंत्र के बीच में अंतर्विरोध पैदा करना है। चुनाव की एक शर्त उसे मित्र भाव से लड़ना है, क्योंकि विभिन्न दलों के उम्मीदवार एक ही नाव में सवार होते हैं। विजयी हों या पराजित, उम्मीदवारों और दलों के हाथों में जनतंत्र की पतवार दिए बिना हमारी नाव एकाधिकारवाद की दलदल में फंसने को अभिशप्त हो जाएगी। अफ्रीका में और दक्षिण पूर्व एशिया में यह खतरा सामने भी आ चुका है। पहले दल विशेष को भारी बहुमत मिलना, फिर उसके द्वारा सदन में संख्या बल के आधार पर पूरी व्यवस्था को एक दल आधारित बना देना, और उसके बाद किसी एक व्यक्ति को आजीवन राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री चुनकर लोगों के मतदान व बहुमत के दावे के आधार पर जनतंत्र को ही दफ्न कर देने का काम नाइजीरिया, युगांडा से लेकर इंडोनेशिया और मलयेशिया में हो चुका है।



दलों के बीच चुनाव जीतने की चुनौती को एक निश्चित आचार संहिता के दायरे में लाने का समय आ गया है। जैसे, क्रिकेट या फुटबॉल के खेल में चैंपियन बनने के लिए सभी टीमों पर अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो है, लेकिन ट्रॉफी जीतने की इच्छा पूरी करने के लिए प्रतिद्वंद्वी दल के खिलाड़ियों को घायल करने या मैच के रेफरी या अंपायर को आतंकित करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती, क्योंकि दबंगई से गोल करना या विकेट लेना खेल को ही खत्म कर देता है। इसी तरह, चुनाव के अपराधीकरण और चुनावी जीत-हार को मरने-मारने की बीमारी से जोड़कर क्या हम जनतंत्र की चिता नहीं सजा रहे हैं? इसमें दलों के नेताओं का सबसे बड़ा दायित्व है।

जब हमने ब्रिटिश राज के हाथों से अपनी आजादी का अधिकार छीन लिया और एक समावेशी संविधान सभा के जरिये लगभग तीन बरस के विश्लेषण और सहमति-निर्माण के बाद देश को जनतांत्रिक क्रांति की पाठशाला में दाखिल कराया, तब चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता का सम्मान करने की जिम्मेदारी सबने उठाई थी। इसीलिए, जीतकर बहुमत पाने वाला दल अल्पमत में आए दलों और प्रवक्ताओं को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के बराबर महत्व देता था। इसे स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता की भावना के अनुकूल आचरण माना जाता था। मगर अब जीतने वाले दल और नायक खुद को एकमात्र जन-प्रतिनिधि और देशसेवक होने का दावा करने की बीमारी से पीड़ित देखे जाते हैं। और, बहुमत पाने में असफल दल चुनाव प्रक्रिया की वैधता से लेकर मतदाताओं पर मूर्खता तक का आरोप लगाते हैं। यह दोनों ही अनुचित है।

देखा जाए, तो हम अब भी जनतंत्र का ककहरा सीख रहे हैं। हमारे मतदान में बहुत सुधार बाकी है। इसमें कोई जीते या हारे, लेकिन जनतंत्र-निर्माण का काम चुनाव से पहले से लेकर चुनाव के बाद तक जारी रखने की चुनौती से ध्यान नहीं हटाया जा सकता। इसीलिए, आजकल चुनाव की घोषणा से लेकर चुनाव परिणामों की पूरी तस्वीर आने तक जिस प्रकार के तेवर और भाषा शैली का प्रदर्शन किया जाता है, वह कभी हास्यास्पद लगता है, तो प्राय: आत्मघाती भी दिखता है।

इस प्रसंग में यह याद करना स्वाभाविक है कि जब जवाहरलाल नेहरू के खिलाफडॉ राममनोहर लोहिया ने 1962 के चुनाव में अपना पर्चा फूलपुर संसदीय क्षेत्र से भरा, तो नेहरू जी ने एक पत्र लिखकर डॉ लोहिया को न सिर्फ शुभकामनाएं दीं, बल्कि यह भी आशा प्रकट की कि चुनाव प्रचार के दौरान दोनों पक्षों की तरफसे देशहित की चुनौतियों के संदर्भ में नीतियों और कार्यक्रमों पर लोक-शिक्षण का काम किया जाएगा। इसी प्रकार, सन् 1977 के आपातकाल के भयानक परिवेश में जब लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा अपने नैतिक बल के जरिये बनाई गई जनता पार्टी को प्रबल बहुमत मिला, तो जयप्रकाश नारायण ने जनता पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को राजघाट पर बापू की याद दिलाते हुए आदर्श जनसेवक बनने की बाकायदा शपथ दिलाई और उसके बाद पराजित हो चुकी पूर्व प्रधानमत्री इंदिरा गांधी से मिलने उनके घर पहुंच गए। जब जयप्रकाश पराजित इंदिरा गांधी से मिले, तो उन्होंने अपनी तरफ से और विजयी जनता पार्टी की तरफसे उनको निजी सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहने का पूरा भरोसा दिलाया।

अमेरिका में परंपरा है कि गंभीर वाद-विवाद के लंबे चुनाव-चक्र के पूरा होने के बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अपने सभी पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों को निमंत्रण देकर एक सौहार्दपूर्ण संवाद का आयोजन करता है। दलों में मतभेद के बावजूद जीता हुआ व्यक्ति पराजित शख्स द्वारा राष्ट्रहित में उठाए गए आधे-अधूरे कदमों के प्रति जिम्मेदार माना जाता है। दूसरी ओर, पाकिस्तान से लेकर अर्जेंटीना और मैक्सिको तक में परंपरा है कि जीता हुआ व्यक्ति पराजित व्यक्ति को या तो बंदी बना लेता है या देश छोड़ने को मजबूर कर देता है।

हमें अपनी चुनावी जीत-हार को मर्यादित आचरण के साथ बांधने की जरूरत है। जीतने वाला व्यक्ति और दल कुछ खास कारणों से बहुमत का अधिकारी बना है। इसमें देश, काल, पात्र को महत्व देने के बजाय अपने को रावण और कंस जैसा बनाना न स्वयं के लिए उचित है और न यह काम जनतंत्र निर्माण की शर्तों पर स्वाभाविक ठहरता है।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बढ़ता चला जाएगा परमाणु हथियारों का खतरा

राकेश सूद,पूर्व भारतीय राजदूत

यूक्रेन में युद्ध के नतीजे को लेकर नई अनिश्चितताएं हैं। क्या रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सैन्य दबाव और बढ़ाएंगे? क्या वह यूक्रेनी तटस्थता के बारे में आश्वासन स्वीकार करेंगे? क्या वह क्रीमिया प्रायद्वीप के लिए एक गलियारे के लिए समझौता करेंगे या इस बात पर जोर देंगे कि कीव झुक जाए?

अब चाहे जिस तरह से भी युद्ध या संघर्ष समाप्त हो, एक नतीजा बिल्कुल जाहिर है : इस दुनिया से परमाणु हथियार कहीं नहीं जाने वाले। परमाणु हथियार नियंत्रण, निरस्त्रीकरण की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। सोवियत संघ 1991 में जब 15 स्वतंत्र संप्रभु गणराज्यों में टूट गया, तब रूस सोवियत समाजवादी गणराज्य (यूएसएसआर) के पूर्व संघ का उत्तराधिकारी देश बन गया। एक प्रमुख चुनौती यह थी कि रूस के अलावा तीन गणराज्यों- बेलारूस, कजाकिस्तान व यूक्रेन को अपने क्षेत्र में सोवियत परमाणु अस्त्रों की मेजबानी हासिल हुई। समस्या यह थी कि एनपीटी ने केवल उन देशों को परमाणु राष्ट्र के रूप में मान्यता दी, जिन्होंने 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु परीक्षण किए थे। परमाणु हथियार वाले पांच देश थे, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं। इन पांचों में से कोई भी किसी नए देश को परमाणु शक्ति के रूप में मंजूरी देने को तैयार नहीं है।



कभी रूस और यूरोपीय नेताओं ने स्वेच्छा से परमाणु महत्वाकांक्षाओं को त्यागने के लिए बड़े पैमाने पर राजनीतिक व राजनयिक प्रयास किए थे। साम, दाम, दंड, भेद (जो भी संभव हो) आजमाया गया। दिसंबर 1994 में बुडापेस्ट में एक सम्मेलन में सुरक्षा आश्वासनों के साथ तीन समान ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे, जो एनपीटी में बेलारूस, कजाकिस्तान और यूक्रेन के शामिल होने से संबंधित थे। तीन देशों को अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और रूस ने सुरक्षा प्रदान की, हमला होने पर सुरक्षा के आश्वासन दिए। लेकिन 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद बुडापेस्ट ज्ञापन के रूसी उल्लंघन का सवाल सामने आया। रूस ने दावा किया कि क्रीमिया में जो हुआ था, वह एक क्रांति थी। रूस ने अमेरिका पर यूक्रेन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का आरोप भी लगाया, इससे यूक्रेन में सरकार भी गिर गई थी। अमेरिकी विशेषज्ञों ने बताया कि चूंकि देशों के बीच यह एक ज्ञापन था न कि संधि, इसलिए दायित्वों की प्रकृति घोषणात्मक थी।

आज यह शायद ही आश्चर्य की बात हो कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस तथ्य पर शोक व्यक्त किया है कि उनके देश ने कोरे सुरक्षा आश्वासनों के बदले में अपने परमाणु हथियार छोड़ दिए थे। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को यूक्रेन संघर्ष से बाहर रहने के लिए कहते हुए पुतिन ने गंभीरतम परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी। कुछ दिनों बाद, 27 फरवरी को, उन्होंने एक तरह से निवारक बलों (परमाणु हथियारों को) को युद्ध सेवा के विशेष मोड में डाल दिया। यूरोप में पुतिन के परमाणु हमले संबंधी चेतावनी की केवल निंदा की गई और अमेरिका ने इसे अस्वीकार्य बताया। हालांकि, पुतिन परमाणु चेतावनी में शामिल होने वाले पहले नेता नहीं हैं। 2017 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के किम जोंग-उन भी एक दूसरे को चेताते हुए ऐसी धमकी दे चुके हैं।

दिलचस्प है, 27 फरवरी को पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अमेरिकी परमाणु हथियारों की जापान में मेजबानी के विचार को हवा दी है। कभी जापान अपने तीन 'नहीं' को समर्पित था। परमाणु हथियारों का विकास करना नहीं है, परमाणु हथियार रखना नहीं है और परमाणु हथियारों को अपने क्षेत्र में लाना नहीं है। जापान के नए रुख की वजह ताइवान पर चीन से संभावित संघर्ष है। हालांकि, प्रधानमंत्री किशिदा ने इस विचार को खारिज किया है, पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

प्रमुख परमाणु ताकतें परमाणु हथियारों की नई भूमिका परिभाषित करने वाले नए सिद्धांतों के साथ बढ़ती परमाणु संबंधी बयानों को परख रही हैं। तकनीकी रूप से सक्षम देश देख रहे हैं और अपने निष्कर्ष निकालेंगे, लेकिन हथियारों पर नियंत्रण की घटती संभावनाओं के साथ 21वीं सदी में परमाणु जोखिम लगातार बढ़ रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प–2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### महिलाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प 11 को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार महिलाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प लाइवलीहुड कॉलेज जोरा रायपुर में होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक कैरियर ट्री एच.आर. सॉल्यूशन्स प्रा0 लिमिटेड, चैन्नई (तमिलनाडू) द्वारा भारत एफ्आईएच लिमिटेड के लिए महिला ऑपरेटर के 200 से अधिक पदों पर 10वी/12वीं/आई टी.आई. एवं डिप्लोमा डिग्री उत्तीर्ण 18 से 30 वर्षीय महिला उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी।इन पदों पर चयनित होने पर 13 हज़ार 107 रुपये प्रतिमाह की दर पर पेरूम्बदूर स्थित प्लांट हेतु की जाएगी। चयनित महिला आवेदकों का कार्यस्थल पेरूम्बदूर एवं सिटी. टाडा होगा। इन पदों के लिए भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक महिला आवेदक अनिवार्यत: अपने अभिवावक के साथ 11 मार्च को समय सुबह 11 से 2 बजे तक उपस्थित होकर, साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकती है।

### ग्राम पंचायत गातापार में आयोजित किया गया जल जीवन मिशन जागरूकता रैली

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गातापार में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल सुरक्षा एवं संरक्षण के उद्देश्य से जल जीवन मिशन टीम के द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली में महिला समूह, जल समिति, ग्राम प्रतिनिधियों, शाला के शिक्षकों–विद्यार्थियों सहित ग्राम वासियों को पानी की गुणवत्ता का परीक्षण, घरेलू नल कनेक्शन की जानकारी, एफटी.के की एण्ट्री, पानी का बचाव, स्वच्छ पानी का उपयोग करने सहित अन्य जानकारियां प्रदान की गई।

# पुरानी पेंशन बहाली पर कर्मचारी संघ में जबरदस्त उत्साह, मुख्यमंत्री बघेल को दिया धन्यवाद

### संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से कहा 'आपने हमारा भविष्य सुरक्षित कर दिया

### मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कर्मचारियों और उनके परिजनों के प्रति सदैव संवेदनशील



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते समय पुरानी पेंशन बहाल करने पर कर्मचारी संघों में जबरदस्त उत्साह है। उत्साह का आलम यह है कि कर्मचारी संघों के कई सदस्य मुख्यमंत्री का अभिवादन करने तत्काल विधानसभा जा पहुंचे। विधानसभा पहुंचकर सर्व शिक्षक संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और पुरानी पेंशन बहाली पर उन्हें धन्यवाद दिया।

सर्व शिक्षक संघ के विवेक दुबे ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपने हमारा और हमारे परिवार का भविष्य सुरक्षित कर दिया है इसके लिए हम आपके आजीवन आभारी रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भी कर्मचारी संघ के सदस्यों से कहा कि सरकार हमेशा कर्मचारियों और उनके परिजनों के प्रति संवेदनशील है।

### मानदेय और निधि की राशि बढ़ाए जाने पर छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष संघ ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विवेकानंद विमानतल रायपुर में छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष संघ के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की और बजट 2022-23 में पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय व निधि की राशि में वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री का प्रदेश भर के पंचायत पदाधिकारियों की तरफसे आभार जताया। छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष श्री खिलेश देवांगन ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की मानदेय वृद्धि की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है, जिसे लेकर पूरे प्रदेश की पंचायतों में खुशी की लहर है। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों की निधि की राशि में इजाफ़ हुआ है। इन निर्णयों से पंचायत स्तर पर अधोसंरचना विकास के कार्यों में तेजी आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। गौरतलब है कि बजट 2022-23 में जिला पंचायत अध्यक्षों हेतु 15 लाख, उपाध्यक्षों हेतु 10 लाख एवं सदस्यों हेतु 4 लाख प्रतिवर्ष के मान से जिला पंचायत विकास निधि योजना में 22 करोड़ का प्रावधान है। जनपद पंचायत अध्यक्षों हेतु 5 लाख, उपाध्यक्षों हेतु 3 लाख एवं सदस्यों हेतु 2 लाख प्रतिवर्ष के मान से जनपद पंचायत विकास निधि योजना में 66 करोड़ का प्रावधान है। इसी तरह जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों के मानदेय में भी वृद्धि की गयी है।




### बजट में मानदेय वृद्धि पर शासकीय अभिभाषकों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचे शासकीय अभिभाषकों ने बजट 2022-23 में शासकीय अधिवक्ताओं का मानदेय बढ़ाए जाने पर प्रदेश भर के शासकीय अभिभाषकों की तरफसे आभार जताया। के.के. शुक्ला के नेतृत्व में विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचे रायपुर के शासकीय अभिभाषकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मानदेय बढ़ाये जाने से प्रदेश भर के शासकीय अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर है। राज्य निर्माण के 22 सालों में पहली बार ये ऐतिहासिक बजट आया है, जिसमें शासकीय कर्मचारियों के पेंशन, शासकीय अधिवक्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय सहित सभी वर्गों के हित सुनिश्चित किये गए है। इस अवसर पर शासकीय अभिभाषक अरविंद सिंह चीमा, राघवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, सुश्री मौरिशा नायडू, विजय कुमार भोई, मनोज वर्मा, विनोद भारत, विजय लांजे और निलेश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा निर्मित दो चिल्ड्रन होम का किया वर्चुअल लोकार्पण





### रायगढ़ जिले के तमनार में इन बाल आवास गृहों का किया गया है निर्माण

### अनाथ और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए शुरू किया गया है चिल्ड्रन होम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष से रायगढ़ जिले के तमनार में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड फाउंडेशन द्वारा बालक– बालिकाओं के लिए निर्मित दो अलग–अलग चिल्ड्रेन होम का वर्चुअल लोकार्पण किया।

तमनार के सावित्री नगर में इन आवास गृहों का निर्माण जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा सीएसआर मद से कराया गया है। एक सौ बच्चों की क्षमता वाले इन दोनों चिल्ड्रेन होम में वर्तमान में 35 बालक-बालिकाएं हैं। इन चिल्ड्रेन होम में ऐसे बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके माता–पिता नहीं है या जो कमजोर तबके के हैं। जेएसपीएल के चेयरमैन श्री नवीन जिंदल और जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल भी इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस से जुड़ी।

मुख्यमंत्री ने जेएसपीएल की इस रचनात्मक और अच्छी पहल के लिए चौयरमेन श्री नवीन जिंदल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और सामाजिक विकास एक दूसरे के पूरक हैं। सामाजिक दायित्व के तहत जिंदल फाउंडेशन ने शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए अपने कार्यों से छत्तीसगढ़ और देश के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फाउंडेशन कौशल विकास में भी कार्य कर रहा है। चौयरमेन श्री नवीन जिंदल ने कहा कि कोरोना के दौरान बहुत से बच्चों के माता–पिता नहीं रहे। ऐसे बच्चों के लिए चिल्ड्रन होम शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में फाउंडेशन द्वारा वृद्धाश्रम भी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, जेएसपीएल के प्रेसिडेंट श्री प्रदीप टण्डन भी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की आस्था संकुल संगठन को राष्ट्रीय स्तर का आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार

### 'बिहान' के अंतर्गत गठित आस्था संकुल संगठन की महिलाएं कृषि, सब्जी उत्पादन, सेनिटरी नैपकिन निर्माण, बैंक सखी और ई-रिक्शा संचालन जैसे काम कर रहीं

### स्वसहायता समूह की महिलाओं ने खान-पान, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से आजीविका की ओर बढ़ाए कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के सोनेसरार की आस्था संकुल संगठन को उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार–2022 से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में संगठन को पुरस्कृत किया। उन्होंने आस्था संकुल संगठन को पुरस्कार स्वरूप एक लाख रूपए की राशि एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने इस उपलब्धि पर संगठन की महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार प्रदेश की सभी महिला सामुदायिक संगठनों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। 'बिहान' से जुड़ी महिलाओं की इस उपलब्धि से पूरा राज्य गौरवान्वित हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की संचालक श्रीमती इफ्फत आरा और राजनांदगांव के जिला मिशन प्रबंधक श्री पिनाकी डेसरकार भी नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में मौजूद थे। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सोनेसरार के आस्था संकुल संगठन से 17 ग्राम पंचायतों के 23 ग्राम संगठन और 443 स्वसहायता समूह जुड़े हैं। क्षेत्र की 4842 ग्रामीण महिलाएं संगठन की सदस्य हैं। आस्था संकुल संगठन ने खान-पान, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से आजीविका की ओर कदम बढ़ाया है।



संगठन ने क्षेत्र के 2300 परिवारों को किचन गार्डन के माध्यम से सब्जी उत्पादन के लिए प्रेरित किया है। इसके लिए 605 परिवारों को बाजार मूल्य से कम दर पर उन्नत सब्जी बीज उपलब्ध कराया गया है। संकुल क्षेत्र के अंतर्गत 2300 परिवारों द्वारा स्वयं के किचन गार्डन में 6500 क्विंटल से अधिक टमाटर, भिंडी, भाटा, करेला, लौकी, गोभी जैसी सब्जियों का जैविक पद्धति से उत्पादन किया गया है। घर के भोजन में इन सब्जियों के उपयोग के साथ ही किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, नवविवाहिताओं एवं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सुपोषण के लिए भी इन्हें उपलब्ध कराया गया है। इससे संकुल संगठन की महिलाओं को भी आर्थिक लाभ हुआ। आस्था संकुल संगठन के अंतर्गत सभी 443 स्वसहायता समूहों को चक्रीय निधि से 66 लाख 45 हजार रूपए, 261 समूहों को एक करोड़ 56 लाख 6 हजार रूपए का सामुदायिक निवेश निधि एवं 387 समूहों को 9 करोड़ 84 लाख रूपए का बैंक ऋण पिछले 3-4 वर्षों में उपलब्ध कराया गया है। संकुल संगठन के अंतर्गत स्वसहायता समूहों के सदस्य विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों से अपना जीवन स्तर ऊंचा उठा रहे हैं। संगठन की महिलाएं संवहनीय कृषि, सब्जी उत्पादन, सेनिटरी नैपकिन निर्माण, बैंक सखी और ई-रिक्शा संचालन जैसे कार्यों में संलग्न हैं।

# पुरानी पेंशन योजना की बहाली ऐतिहासिक फैसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने छत्तीसगढ़ में सरकारी सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। संघ ने इसे प्रदेश के कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक फैसला बताया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने बजट भाषण में राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की है। प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्री बालमुकुन्द तम्बोली ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यह निर्णय लेकर अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। श्री तंबोली ने कहा है कि सरकारी सेवकों के हित में लिया गया यह फैसला कर्मचारियों को दूरगामी राहत प्रदान करने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि पेंशन सरकारी सेवकों के लिए बुढ़ापे का सहारा होती है। उन्हें पेंशन मिलने से उनके मन में भविष्य के प्रति सुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात एक निश्चित पेंशन राशि प्राप्त होगी। साथ ही आश्रित परिवार को पेंशन का लाभ मिलेगा।



A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works
Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
( All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 - 22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ के छात्र देश की पहली महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले को पढ़ेंगे

**रायपुर (ए)।** हक और सम्मान की लड़ाई जीवन पर्यंत तक लड़ने वाली सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले का नाम इतिहास में अमर हो गया है। आज समाज में महिलाओं को जो शिक्षा का समान अधिकार प्राप्त है यह उनके ही प्रयासों की वजह से संभव हो सका है। फुले ने अपने जीवन के आखिरी समय को भी मानव जाति की सेवा में लगा दिया। इस महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले को अब छत्तीसगढ़ के बच्चे पढ़ेंगे।

देश की पहली महिला शिक्षिका और समाज सेविका सावित्रीबाई फुले को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश के बाद राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने कक्षा आठवीं की हिंदी पुस्तक में सावित्रीबाई फुले पर नया पाठ जोड़ दिया है। परिषद के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने बताया कि सत्र 2022-23 से किताबों में सावित्रीबाई फुले को पढ़ाने के लिए राज्य की स्थायी शिक्षा समिति ने भी अप्रूवल दे दिया है। महाराष्ट्र के सतारा जिले के गांव नायगांव गांव में तीन जनवरी 1831 को सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। वह भारत के पहले बालिका स्कूल की पहली प्रिंसिपल थीं। सावित्रीबाई फुले छुआछूत, बाल-विवाह, सती प्रथा और विधवा विवाह निषेध जैसी कुरीतियों का विरोध करती रही हैं। 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली थी। इसी दिन उनकी पुण्य तिथि मनाई जाती है। वह भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। 1852 में उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी।

### रायपुर रेलवे स्टेशन के पुराने कोच में रेस्त्रा खोलने की तैयारी पूरी, अगले महीने हो सकता है शुरू

**रायपुर (ए)।** महानगरों की तर्ज पर अब रायपुर रेलवे स्टेशन में कोच में रेस्त्रा खोलने की तैयारी रेल मंडल ने पूरी कर ली है। इसके लिए टेंडर की कवायद चल रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अप्रैल महीने से कोच में रेस्त्रा खोल दिया जाएगा। दरअसल रेलवे स्टेशन प्रबंधन ने अपने पुराने कोच को बेचने के बजाए उसे लीज पर देकर रेल रेस्त्रां खोलने की योजना पिछले साल बनाई थी। इसके लिए बकायदा प्रस्ताव बनाकर रेलवे मंडल को भेजा गया था। वहां से हाल ही में हरी झंडी मिल गई है। लिहाजा जल्द से जल्द कोच में रेस्त्रा खोला जाएगा। खास बात यह है कि कुली की वेशभूषा में वेटर लजीज व्यंजन ग्राहकों को परोसेगे। रायपुर रेलवे स्टेशन के डायरेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि कोच रेस्त्रां के लिए रेलवे प्रबंधन ठेकेदार को केवल कोच उपलब्ध कराएगा। पुराने कोच को नया रंग-रूप देकर आकर्षक बनाने के साथ ही कोच में लगे बर्थ को हटाने के साथ उसके स्थान पर टेबल और कुर्सियां लगाने का काम टेंडर लेने वाले ठेकेदार को ही करना होगा। एक कोच में 40 से अधिक लोग एक साथ बैठ कर विभिन्न लजीज व्यंजनों का मजा ले सकेंगे। यात्रियों और शहर वासियों की सुविधा देने के लिए खराब पड़े हुए दो रेल कोच को रेस्त्रां बनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। रेल मंडल से प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। महानगरों की तर्ज पर आने वाले दिनों में रायपुरवासी भी रेल कोच रेस्त्रां में लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। टेंडर समेत अन्य प्रक्रिया फिलहाल होना बाकी है। रेस्टोरेंट का स्टाफ रेलकर्मियों के ड्रेस कोड में हो होगा। मैनेजर से लेकर टीटीई और वेटर कुली के वेश में नजर आ सकते हैं। सिर्फ कोच के बाहर की बनावट में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, कोलकाता समेत अन्य राज्यों में रेल कोच रेस्त्रा का प्रयोग सफल रहा है रेस्त्रा में अच्छी कमाई भी हो रही है। इसी को ध्यान में रखकर अनुपयोगी कोच को रेस्त्रा बनाकर कमाई करने की योजना बनाई गई है। रेलवे कोच की दीवारों को आकर्षक बनाने के लिए ठेकेदार को पेंटिंग के अलावा रेलवे से जुड़ी पुरानी चीजें, छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को दर्शाती तस्वीरों से लग्जरी लुक देने की शर्त रखी गई है।यहीं नहीं रेल ट्रैक से दोनों कोच को लाने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

# छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए गए: अनिला भेंड़िया

### ''अभिव्यक्ति नारी सम्मान की'' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के समापन समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया शामिल हुई। कार्यशाला में देश-प्रदेश आये विषय विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं एवं युवतियों के सशक्तिकरण के प्रयासों से सामाजिक संस्थाओं और लोगों को जोड़ने और इनमें मीडिया की सार्थक भूमिका पर चर्चा की गई।




महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप प्रारंभ किये गये इस अभिव्यक्ति कार्यक्रम के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में महिलाएँ अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हो रही हैं एवं अपने-आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए प्रयासरत है एवं राज्य बजट में भी विशेष प्रावधान किया गया है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के उत्थान की दिशा में किये जाने वाले कार्यों पर शासन द्वारा सहयोग दिलाये जाने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने बताया कि राज्य में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से महिलाओं के संरक्षण एवं सुरक्षा के अनेक प्रयास किया जा रहे हैं।

कार्यशाला में अभिव्यक्ति जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार विमर्श किया गया और विभिन्न सुझावों के आधार पर आगामी कार्ययोजना बनाकर अभिव्यक्ति अभियान को एक नई दिशा देने का निर्णय लिया गया। कार्यशाला में सामाजिक बाधाओं को पार करते हुए सफल हुई महिलाओं द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ पुलिस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय होटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया।

विगत दो दिवस में सेमिनार में हुए गतिविधियों की शारांश में जानकारी यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ सुश्री चेतना देसाई द्वारा दी गई। अभिव्यक्ति अभियान अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा विगत एक वर्ष में प्राप्त की गई उपलब्धियों पर उप पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आये अतिथि एवं प्रतिभागियों का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिलेना कुर्रे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुश्री संगीता पीटर्स ने किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस महानिरीक्षक पूजा अर्ग्रवाल एवं सुश्री रमा पटेल, यूनिसेफकी सुश्री प्रियंका सेठी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बजट में सभी वर्ग के लोगों का हित समाहितः मोहम्मद अकबर






### छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महत्वपूर्ण है यह बजट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत बजट को लोक कल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वागींण विकास के लिए सभी वर्ग के लोगों के हित को विशेष ध्यान रखा गया है।

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि व्यावसायिक परीक्षा मंडल एवं लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में राज्य के स्थानीय प्रतिभागियों का परीक्षा शुल्क माफ करने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा स्वागतेय है। इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का मुख्यमंत्री का निर्णय एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत बजट में सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुए उन्हें कुछ न कुछ दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय अधिवक्ताओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों के मानदेय में भी वृद्धि की गयी है। प्रदेश मे विकास की गति को गति देने के उद्देश्य से विधायक निधि की राशि 02 करोड़ से बढ़ाकर 04 करोड़ दिए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने ग्राम स्वराज के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रदेश में स्थापित गौठानों को महात्मा गांधी पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मजदूर वर्ग का ध्यान रखते हुए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना में 6000 रूपए वार्षिक सहायता की राशि को बढ़ाकर 7000 रूपए किया गया है। प्रदेश में शिक्षा के विस्तार के लिए हिन्दी माध्यम के 32 स्वामी आत्मानंद विद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष के लिए राशि में वृद्धि करते हुए वर्ष 2018-19 की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अस्पताल भवनों एवं विभिन्न पदों के सृजन हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। आदिवासी बाहुल्य जिले नारायणपुर में आदिवासी विद्यार्थियों के मल्लखंभ कौशल को उभारने के लिए मल्लखंभ अकादमी की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में युवा शक्ति को संगठित कर प्रदेश की विकास मे सहभागिता बढ़ाने हेतु 13 हजार से अधिक राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मनरेगा में कार्यरत प्रदेश भर की 140 महिला मेटों का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य मनरेगा कार्यालय द्वारा मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम) के अंतर्गत प्रदेश भर में कार्य कर रहीं 140 महिला मेटों को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को 'आइकॉनिक वीक' के रूप में मनाते हुए मनरेगा में महिलाओं की लगातार बढ़ रही भागीदारी में महिला मेटों की भूमिका को रेखांकित कर हर जिले से पांच-पांच महिला मेटों का सम्मान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव कार्यक्रम में मणिपुर से ऑनलाइन शामिल हुए। उन्होंने मनरेगा कार्यों से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने के लिए महिला मेटों की सराहना की। उन्होंने योजना से जुड़े सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामना भी दी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे समाज की मुख्य धारा उनके काम और हुनर से परिचित भी होगी। महिलाओं और पुरूषों की समता वाले समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में हर जिले से पांच श्रेष्ठ महिला मेटों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में प्रत्येक जनपद पंचायत या विशेष भौगोलिक क्षेत्र में अच्छा काम कर रही महिला मेट भी अपने कार्यों से ऐसे सम्मान की हकदार बनेंगी।

श्री सिंहदेव ने महिला मेटों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं पर घर के कामों की जवाबदारी होती है। उनके योगदान का कभी आर्थिक आंकलन नहीं हो पाता है। शासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कार्यों में महिलाओँ को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें वास्तविक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जा सकता है। मैदानी स्तर पर महिलाओं को बराबरी का अवसर देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त कर सकते हैं, ताकि वे अपने परिवार में हर मोर्चे पर बराबरी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सके। श्री सिंहदेव ने कहा कि पंचायतीराज कानून के नए स्वरूप में स्थापित होने के बाद महिलाओं की सशक्त मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। मेरिट और आरक्षण के माध्यम से जो महिलाएं आगे आ रही हैं, वे अपने परिवार और समाज को भी सशक्त कर रही हैं।

राज्य मनरेगा कार्यालय द्वारा आगे बढ़ने की आजादी की थीम पर इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा की महिला मेट सविता यादव, कांकेर की धामनी भास्कर और बालोद की महिला मेट कोमिन साहू जो बैंक सखी के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं, ने अपने कार्यों के अनुभव साझा किए। सभी जिला पंचायतों के अध्यक्ष, कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास के उप सचिव एवं अपर आयुक्त, मनरेगा अशोक चौबे, सम्मानित महिला मेटों के ग्राम पंचायत के सरपंच और मनरेगा की राज्य व मैदानी टीम के अधिकारी-कर्मचारी कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से मौजूद थे।

# आयुर्वेद अपनाकर वृद्धावस्था में रह सकते हैं सेहतमंद

**रायपुर।** आयुर्वेद के आचार्य सुश्रुत ने जरावस्था यानि बुढ़ापा को स्वाभाविक रोग बताया है। वृद्धावस्था में आमतौर पर पुरूष और महिलाओं में हड्डियों से संबंधित रोग जैसे जोड़ों का दर्द, हड्डियों का कमजोर होना यानि आस्टियोपोरोसिस जैसे अस्थि रोग, आंख और कान से संबंधित रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मांसपेशियों में कमजोरी, कब्ज, अनिद्रा, स्मृति लोप, चिड़चिड़ापन, क्रोध, अकेलापन और अवसाद जैसे रोग होते हैं। वृद्धावस्था में सेहतमंद बने रहने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में व्यापक साधन मौजूद हैं। इस अवस्था में व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से दुर्बल हो जाता है, इसलिए उनकी सेहत की देखभाल के लिए रोग प्रतिरोधक दवाओं और रसायन के साथ-साथ पारिवारिक संबंध की भी जरूरत होती है। वृद्धावस्था में तंत्रिका तंत्र और पाचन तंत्र दोनों कमजोर हो जाते हैं। लिहाजा उन्हें सक्रिय रखने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में आयु, देहबल और पाचन शक्ति के अनुरूप भोजन और औषधि देने का परामर्श है।

शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि वृद्धावस्था में भोजन हल्का, सुपाच्य और पौष्टिक होना चाहिए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

• जीन्स • टी-शर्ट • शर्ट • ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
▪ मेन्स वेयर ▪ किड्स वेयर ▪ लेडिस वेयर ▪ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिजाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर



### 'ओमः द बैटल विद इन' 1 जुलाई को होगी रिलीज, आदित्य रॉय कपूर का फर्स्ट लुक पोस्टर आया सामने

एक्टर आदित्य रॉय कपूर स्टारर 'ओमः द बैटल विद इन' की रिलीड डेट अनाउंस कर दी गई है। इस बात की जानकारी आदित्य ने खुद फिल्म से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर फैंस के साथ शेयर कर दी है। पोस्टर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, ओम! 1 जुलाई 2022 को दुनिया भर के सिनेमा स्क्रीन पर धमाका करने के लिए तैयार है। 'ओमः द बैटल विद इन'। कपिल वर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में आदित्य के अलावा संजना सांघी भी लीड रोल में नजर आएंगी।

### तमन्ना भाटिया ने 'बबली बाउंसर' के पहले शेड्यूल की शूटिंग की खत्म

तमन्ना भाटिया ने 'बबली बाउंसर' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इस बात की जानकारी मेकर्स ने खुद फिल्म के सेट से तमन्ना का एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। इस फोटो में उनके साथ फिल्म के डायरेक्टर मधुर भंडारकर भी नजर आ रहे हैं। फोटो के कैप्शन में लिखा है, बच के रहना भाइयों और बहनोंज्आ रही है बबली बाउंसर! तमन्ना भाटिया ब्यूटी अपनी ड्यूटी पर लौटने वाली हैं। अब किसी का दिल टूटेगा या दांत। जवाब है सिर्फ निर्देशक मधुर भंडारकर के पास। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा।

### मीका खुद के स्वयंवर के लिए कर रहे हैं 50 करोड़ रुपए चार्ज?

बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह लगातार अपने स्वयंवर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार मीका के स्वयंवर का शो जल्द ही नेशनल टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला है। इससे पहले राखी सावंत, शहनाज गिल, मल्लिका शेरावत जैसे कई सेलेब्स का स्वयंवर टीवी पर प्रसारित किया जा चुका है। बता दें मीका इस शो में हिस्सा लेने के लिए 50 करोड़ रुपए की मोटी रकम चार्ज कर रहे हैं।

### एकता कपूर के ओटीटी शो में नजर आ सकते हैं करण कुंद्रा

टीवी एक्टर करण कुंद्रा जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किसी शो में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक शो के लिए करण कुंद्रा की एकता कपूर संग बातचीत चल रही है। एकता के साथ करण का शो कुछ ही महीनों में ऑन एयर हो सकता है। करण और एकता पहले भी एक साथ काम कर चुके हैं।



### पवनदीप राजन, अरुणिता के साथ यूएस में आए नजर

'इंडियन आइडल 12' के विनर रहे पवनदीप राजन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अरुणिता कांजीलाल के साथ कुछ फोटोज पोस्ट की हैं। अरुणिता और पवनदीप साथ में यूएस गए हुए हैं। वो वहां तमाम शहरों में परफॉर्म कर रहे हैं। फोटो में पवनदीप फ्लोरल रेड शर्ट और ब्लू डेनिम में दिख रहे हैं। वहीं अरुणिता व्हाइट क्रॉप टॉप और ब्लू जीन्स में नजर आ रही हैं। बता दें दोनों की फोटोज सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं।

# पूजा हेगड़े का करियर ग्राफः रणबीर के साथ ऐड में आईं पूजा पर पड़ी थी आशुतोष गोवारिकर की पत्नी की नजर

**पूजा हेगड़े जल्द ही प्रभास के साथ पैन इंडिया की फिल्म राधे श्याम में नजर आने वाली हैं। 11 मार्च को रिलीज होने वाली ये फेंटेसी पीरियड ड्रामा रोमांटिक फिल्म काफी ट्रेंड में हैं। पूजा ने भले ही अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फ्लॉप फिल्म मोहनजोदाड़ो से की हो, मगर साउथ में उनकी गिनती सबसे हिट और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में होती है। आइए जानते हैं कैसे महाराष्ट्र की एक आम लड़की ने बनाई इंडस्ट्री में पहचान और कैसी रही हैं उनकी उपलब्धियां-**

पूजा हेगड़े का जन्म 13 अक्टूबर 1990 में मुंबई में हुआ था। उनका परिवार कर्नाटक के उडुपी से ताल्लुक रखता है। पूजा हेगड़े ने मुंबई के एमएमके कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की है। इसी दौरान उन्होंने ग्लैरमस इंडस्ट्री में रूचि बढ़ने पर फैशन शोज में हिस्सा लेना शुरू किया था।

पूजा ने महज 19 साल की उम्र में मिस इंडिया 2009 में हिस्सा लिया था। शुरुआती राउंड में ही उन्हें एलिमिनेट कर दिया गया था, हालांकि उन्हें मिस टैलेंटेड का टैग मिला था। कॉम्पिटीशन से एलिमिनेट होने के कुछ महीनों बाद ही पूजा ने दोबारा मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 में हिस्सा लिया और तीसरा स्थान हासिल किया।

पूजा की पेजेंट की तस्वीरों से इम्प्रेस होकर इंडियन फिल्ममेकर शानमुघा राजा उर्फ मिसकिन ने उन्हें अपनी फिल्म मुगामूडी में लेने का फैसला किया था। उस समय पूजा को तमिल भाषा की समझ नहीं थी, लेकिन उन्होंने इंग्लिश में डायलॉग याद करते हुए इस भाषा को सीख लिया। ये फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई थी, जिसमें जीवा उनके साथ लीड रोल में थे। अब पूजा हेगड़े हिंदी और अंग्रेजी के अलावा कन्नड़ और तमिल भाषा में भी मजबूत पकड़ रखती हैं।

### कैसे मिली बॉलीवुड फिल्म

तमिल फिल्मों में काम करते हुए ही पूजा हेगडे को रणबीर कपूर के साथ हीरो माइस्ट्रो के एड में काम करने का मौका मिला था। इस एड से



इम्प्रेस होकर पॉपुलर फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर की पत्नि सुनीता ने पूजा को ऑडीशन देने के लिए बुलाया था। उस समय आशुतोष अपनी फिल्म मोहनजोदाड़ो के लिए नई लड़की की तलाश में थे। पूजा ने ऑडीशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। इस फिल्म से पहले पूजा को मणिरत्नम की फिल्म मिली थी, लेकिन बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए उन्होंने वो फिल्म ठुकरा दी थी।

साल 2016 में रिलीज हुई ऋतिक रोशन और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म एक बड़ी फ्लॉप रही थी। इसके बाद पूजा ने फिर साउथ इंडस्ट्री की तरफ रुख कर लिया। 3 साल बाद उन्हें मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 4 में काम करने का मौका मिला।

पूजा के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म साल 2019 की अला वैकुंठपुरमलो थी। इस फिल्म में पूजा अल्लू अर्जुन के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म ने 262 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। जल्द ही इस फिल्म को हिंदी में भी बनाया जाएगा जिसमें कार्तिक आर्यन और कृति सेनन लीड रोल निभाएंगे।

### 58 करोड़ की मालकिन हैं पूजा

पूजा साउथ की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं। एक्ट्रेस हर फिल्म के लिए 3-4 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। एक्ट्रेस 7 मिलियन डॉलर यानी 51 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। सालाना एक्ट्रेस 10 करोड़ रुपए तक की कमाई करती हैं। उनकी कमाई की मुख्य जरिया फिल्में और ब्रांड एंडोर्समेंट है। पूजा हर एंडोर्समेंट के लिए 35-40 लाख रुपए फीस लेती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में बांद्रा में 3 बीएचके फ्लेट खरीदा है। यहां से मुंबई के स्काईलाइन का खूबसूरत नजारा देखने मिलता है। पूजा की फिल्म राधे-श्याम 11 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ये 350 करोड़ में बनी बड़ी फिल्म है जिसमें 60 करोड़ रुपए में एडवांस वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा पूजा, बीस्ट (तमिल), आचार्या (तेलुगू), सर्कस (हिंदी), त्रिविक्रम श्रीनिवास की अनटाइटल (तमिल), कभी ईद कभी दीवाली (हिंदी) फिल्मों में नजर आएंगी।

## 'कौन प्रवीण तांबे' का ट्रेलर हुआ रिलीज, क्रिकेटर बन श्रेयस तलपड़े ने दिखाया अपना दमदार अंदाज

बॉलीवुड में महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव जैसे क्रिकेटर्स पर बायोपिक बन चुकी है। वहीं, अब इस लिस्ट में एक और क्रिकेटर का नाम जुड़ गया है। क्रिकेटर प्रवीण तांबे की जिंदगी पर आधारित फिल्म जल्द रिलीज होने वाली है और इस फिल्म का नाम 'कौन प्रवीण तांबे' है। वहीं, अब इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े क्रिकेटर प्रवीण तांबे का किरदार निभा रहे हैं और ट्रेलर में भी उनका दमदार अंदाज देखने को मिला है। इस ट्रेलर को देखने से पता चल रहा है कि फिल्म में प्रवीण तांबे के सिर्फ खेल के बारे में नहीं बताया जाएगा। बल्कि फिल्म में उनकी निजी जिंदगी के बारे में भी काफी कुछ पता चलेगा।

2 मिनट 51 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत काफी शानदार अंदाज में हुई है। श्रेयस तलपड़े बॉलिंग करते हुए दिखाई दे रहे है। इसके बाद उनका संघर्ष भी



दिखाया गया है और फिर उनकी निजी जिंदगी भी देखने को मिल रही है, जिसमें उन्हें कई ताने सुनने को मिलते हैं। उनकी शादी और फिर पत्नी संग उनके झगड़े, इस फिल्म में सब कुछ है। साथ ही इस ट्रेलर में ये भी देखने को मिला है कि कैसे नौकरी करने के बावजूद प्रवीण तांबे ने क्रिकेट को नहीं छोड़ा था और उन्होंने अपने सपने को पूरा किया। इस ट्रेलर में श्रेयस बोलते हुए भी दिखे हैं कि एज वेज में मैं विश्वास नहीं रखता हूं।

प्रवीण तांबे का जन्म 8 जून 1971 में हुआ था। उन्होंने 41 साल की उम्र में आईपीएल में डेब्यू किया था। वह गुजरात लायंस, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वह पहली बार राजस्थान रॉयल्स की तरफ से मैदान में उतरे थे, तब उनकी उम्र 41 साल थी। इस फिल्म का ट्रेलर राजस्थान रॉयल्स ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। हालांकि, इससे पहले प्रवीम तांबे को फर्स्ट क्लास में कोई चांस नहीं मिला था, जो उनके संघर्ष का सबूत है।

### कब रिलीज होगी फिल्म

'कौन प्रवीण तांबे' फिल्म का निर्देशक जयप्रदा देसाई ने किया है। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े के अलावा आशीष विद्यार्थी, परमब्रत चटर्जी और अंजलि पाटिल नजर आएंगी। ये फिल्म 1 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

## द कपिल शर्मा शोः 'बच्चन पांडे' के प्रमोशन के लिए कपिल के शो में पहुंचे अक्षय कुमार



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार हाल ही में 'द कपिल शर्मा शो' के सेट पर अपकमिंग एपिसोड की शूटिंग के लिए पहुंचे। कपिल के शो में वो फिल्म 'बच्चन पांडे' के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। इस बार अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस, कृति सेनन और अरशद वारसी भी नजर आए। करीब एक महीने पहले की बात है जब कपिल शर्मा और अक्षय कुमार के बीच अनबन की खबरों ने सुर्खियां बटोरी थीं। लेकिन शो में अक्षय की एंट्री से यह तो साफ हो गया कि दोनों के बीच सब सही है।

शो में जहां अक्षय वाइट शर्ट और ब्लैक पैंट में दिखे। वहीं कृति ऑरेंज ड्रेस और जैकलीन साड़ी पहने हुए नजर आईं। सबने मिलकर शो में खूब मस्ती की।

### क्या था मामला?

कुछ समय पहले अक्षय और कपिल के बीच दूरियां बढ़ने की खबरें आई थीं। दरअसल हुआ यह था कि अक्षय अपनी पिछली फिल्म 'अतरंगी रे' के प्रमोशन के लिए 'द कपिल शर्मा शो' में पहुंचे थे। इस दौरान कपिल ने अक्षय के प्रधानमंत्री वाले इंटरव्यू का मजाक उड़ाया था। उन्होंने कहा था, आपने इंटरव्यू में फेमस पर्सनालिटी से कौन पूछता है कि आपको आम खाना कैसे पसंद है। बता दें 2019 में लोकसभा के दौरान अक्षय ने प्रधानमंत्री मोदी का इंटरव्यू लिया था। इसमें उन्होंने पीएम से यह सवाल पूछा था। शो में कपिल का यह मजाक अक्षय को बिल्कुल पंसद नहीं आया था।


### कपिल ने अक्षय को बताया था बड़ा भाई

कपिल ने फिर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर सब ठीक होने की जानकारी देते हुए लिखा था, मेरे प्यारे दोस्तों। मेरे और अक्षय पाजी के बारे में मीडिया में चल रहीं सभी खबरें मैंने देखीं और पढ़ीं। मैंने हाल ही में इस पर पाजी से बात की और सब कुछ ठीक कर लिया है। सब मिस कम्यूनिकेशन था। अब सब ठीक हो गया है। हम बहुत जल्द मिलकर 'बच्चन पांडे' का एपिसोड शूट करेंगे। वो मेरे बड़े भाई हैं और मुझसे कभी भी नाराज नहीं हो सकते..थैंक यू।

## ब्रेकअप के बाद दिव्या अग्रवाल ने पहली बार शेयर किया पोस्ट, कैप्शन में लिखी ये बात

टीवी अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल हाल ही में अपने पूर्व ब्वॉयफ्रेंड वरुण सूद के साथ हुए ब्रेकअप के बाद से ही सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने बीते दिनों ही अपने लंबे रिलेशन को खत्म करने के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की थी। इस बारे में फैंस को जानकारी देते हुए दिव्या अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा नोट भी शेयर किया था। इसी बीच अभिनेत्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों के साथ ही दिव्या ने खास कैप्शन भी शेयर किया है। इस पोस्ट पर दिए गए कैप्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अभिनेत्री द्वारा दिए गए इस कैप्शन को उनके ब्रेकअप से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में दिव्या ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की



हैं, जिसमें वह कोर्ट के बटन खोल कर पोज देती नजर आ रही हैं।

सामने इन तस्वीरों में दिव्या ने पिस्ता रंग का कोट पहना हुआ है, जिसके अंदर उन्होंने हरे रंग की ब्रा लेट पहनी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने गुलाबी रंग की स्कर्ट पहनी हुई है। अपने इस लुक के साथ उन्होंने लाइट मेकअप और बड़े-बड़े ईयररिंग्स भी पहन रखे हैं। जबकि बालों का बन उनसे इस लुक को परफेक्ट बना रहा है।

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए दिव्या अग्रवाल ने कैप्शन में लिखा, लहरों के साथ संतुलन बनाना सीखो। अभिनेत्री की इस कैप्शन को कुछ लोग उनके ब्रेकअप से जोड़कर देख रहे हैं। ब्रेकअप के बाद किए गए इस पोस्ट को देख लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि अभिनेत्री इन दिनों खुद को संभालने की कोशिश कर रही हैं और उनका यह कैप्शन इसी ओर इशारा कर रहा है। वहीं हाल ही में हुए वरुण सूद और दिव्या अग्रवाल के ब्रेकअप के बाद पहली बार वरुण सूद के पिता विनीत सूद ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा दिव्या के फैसले का सम्मान करते हैं। दोनों ने एक दूसरे को बहुत प्यार किया और अभी भी करते हैं। यही जिंदगी है। दिव्या को लेकर मुझे कोई नकारात्मकता नहीं है। उसके लिए मेरा प्यार और केयर हमेशा है और रहेगी।

## सस्पेंस और थ्रिलर मूवीज के हैं शौकीन, तो जरूर देखें साउथ की ये बेहतरीन फिल्में


**देशभर में इन दिनों साउथ सिनेमा का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में बनने वाली फिल्में ना सिर्फ दक्षिण भारत बल्कि अब देशभर के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी है। यही वजह है कि अब दर्शकों का साउथ की फिल्मों की तरफ झुकाव बढ़ता जा रहा है। साउथ फिल्मों के लिए हिंदी भाषी दर्शकों बढ़ता रुझान देख अब बॉलीवुड में भी साउथ की फिल्मों का रीमेक बनाया जा रहा है। साउथ इंडस्ट्री में ऐसी कई फिल्में मौजूद हैं जो स्क्रिप्ट के मामले में बॉलीवुड फिल्मों को भी टक्कर देती नजर आती हैं।**

**गुडाचारीः**- साल 2018 में रिलीज हुई साउथ इंडस्ट्री की थ्रिलर फिल्म गुडाचारी एक्शन प्रेमियों के लिए एक परफेक्ट एंटरटेनर साबित होगी। इस फिल्म का हिंदी डब नाम इंटेलीजेंट खिलाड़ी है। साउथ की इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 7.9 मिली है। फिल्म गोपी नाम के एक शख्स इर्द-गिर्द घूमती है, जो रॉ में भर्ती होता है और इस दौरान उसे रॉ अधिकारियों की हत्या में फंसा दिया जाता है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अदिवी सेष इन्हीं चुनौतियों का सामना करते नजर आते हैं।

**नेनोक्काडिनः**- साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म नेनोक्काडिन साउथ की एक जबरदस्त एक्शन और थ्रिलर फिल्म है। इसका हिंदी डब नाम एक का दम है। इस फिल्म में महेश बाबू मुख्य किरदार में नजर आए हैं। साल 2014 में रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्म टक्कर देती है। फिल्म की कहानी एक ऐसे व्यक्ति पर आधारित है, जो अपने माता पिता की मौत के बाद मानसिक विकार से पीड़ित हो जाता है, लेकिन बावजूद इसके वह इसका बदला लेता है। इसे आईएमडीबी रेटिंग 8.1 मिली है।

**ध्रुवः**- साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म ध्रुव भी एक्शन क्राइम और थ्रिल से भरपूर है। फिल्म की कहानी एक आईपीएस ऑफिसर ध्रुव की है, जो बड़े मेडिकल पर क्रिमिनल नेटवर्क को खत्म करने की मुहिम शुरू करता है। इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 7.8 मिली है। इसमें राम चरण के अलावा रकुल प्रीत सिंह और अरविंद स्वामी नजर आए हैं।






## खास खबर

### बजट में निराशा और छलावे के सिवा कुछ भी नहीं - डॉ. रमन सिंह

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भूपेश बघेल सरकार के चौथे बजट को दिशाहीन और निराशा से भरा बजट करार दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार का बजट बिना आत्मा के शरीर, बिना पानी की नदी, बिना ऊंचाई के पहाड़ और फूले हुए गुब्बारे जैसा है। इसमें न तो दूरदर्शिता है और न ही दृष्टिकोण है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस बजट में महिलाओं, बेरोजगार युवाओं, किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों और बेटियों के लिए निराशा के सिवाय कुछ भी नहीं है। भूपेश बघेल सरकार हवा में उड़ रही है। इस सरकार ने हवा हवाई बजट पेश किया है। ठोस धरातल पर इस बजट में कोई योजना नहीं है।


### सांसद ने किया पोड़ीबहार में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने मंगलवार को नगर निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में नवनिर्मित चन्द्रा समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विधानसभा क्षेत्र कोरबा के विधायक व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में 08 लाख 84 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण मंगलवार को कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के करकमलों से किया गया। सांसद श्रीमती महंत ने लोकार्पण पट्टिका का अनवरण किया तथा फीता काटकर भवन को लोकार्पित किया।

# वैज्ञानिकों ने यूरिया इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा ऊर्जा कुशल हाइड्रोजन के उत्पादन को विकसित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली(पीआईबी)। भारतीय वैज्ञानिकों ने यूरिया के विद्युत अपघटन (इलेक्ट्रोलिसिस)की मदद से ऊर्जा कुशल हाइड्रोजन उत्पादन के लिए एक विद्युत उत्प्रेरक प्रणाली (इलेक्ट्रोकैटलिस्ट सिस्टम) को तैयार किया है। यूरिया इलेक्ट्रोलिसिस कम लागत वाले हाइड्रोजन उत्पादन के साथ यूरिया आधारित अपशिष्ट उपचार की दिशा में सहायक है।**




हमारे देश के लाभ के लिए ऊर्जा उत्पादन के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है। यूरिया इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा जल के विद्युत अपघटन (इलेक्ट्रोलिसिस) के माध्यम से होने वाले हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता को 70त्न तक कम किया जा सकता है। जल विखंडन के ऊर्जा-गहन अंश तथा ऑक्सीजन की उत्पत्ति के स्थान पर यूरिया इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया में यूरिया का ऑक्सीकरण किया जा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए कम लागत वाले पृथ्वी-प्रचुर मात्रा में निकल (एनआई) -आधारित उत्प्रेरक का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है। यूरिया ऑक्सीकरण से जुड़ी मुख्य चुनौती उत्प्रेरक की लंबी क्रिया अवधि को बनाए रखना है क्योंकि सक्रिय साइट पर प्रतिक्रियाशील मध्यवर्ती (सीओएक्स) का अत्यधिक अवशोषण, जिसे उत्प्रेरक विषाक्तता कहा जाता है, परस्पर क्रिया में हानि का कारण बनता है।

इस दिशा में, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान, नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र (सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज -सीईएनएस) से एलेक्स सी, गौरव शुक्ला, मोहम्मद सफीर एनके, और डॉ नीना एस जॉन, सरकार भारत सरकार ने यूरिया के इलेक्ट्रो-ऑक्सीकरण से हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए निकल ऑक्साइड (एनआईओएक्स) आधारित प्रणाली विकसित की है।

पत्रिका (जर्नल) इलेक्ट्रोचिमिका एक्टा और जर्नल ऑफ मैटेरियल्स केमिस्ट्री ए में प्रकाशित शोध कार्यों की श्रृंखला में, वैज्ञानिकों ने विद्युत उत्प्रेरकों (इलेक्ट्रोकैटलिस्ट्स) की खोज की है और यह दिखाया है कि सतह के दोषपूर्ण निकेल ऑक्साइड (एनआईओ) और डाईनिकेल ट्राईऑक्साइड एनआई2ओ 3 प्रणाली जिनमें अधिक एनआई3 आयन होते हैं, पारंपरिक एनआईओ की तुलना में अधिक कुशल इलेक्ट्रोकैटलिस्ट हैं। उन्होंने एनआईओ (ई-एनआईओ) में सतह दोषपूर्ण असंतृप्त निकेल (एनआई) साइटों का उत्पादन करने के लिए उच्च-ऊर्जा इलेक्ट्रॉन बीम का उपयोग किया है। अध्ययन से पता चलता है कि ई-एनआईओ यूरिया अणु के सुदृढ़ अवशोषण के कारण यूरिया इलेक्ट्रो-ऑक्सीकरण की प्रत्यक्ष व्यवस्था को पसंद करता है, जबकि एनआईओ कम क्रिया के साथ अप्रत्यक्ष तंत्र का पक्षधर है। इसके अलावा, प्रमुख इलेक्ट्रोकैटलिस्ट विष सीओएक्स को पोटेशियम हाइड्रोक्साइड (केओएच) और यूरिया के आणविक अनुपात को बेहतर गतिज (काईनेटिक्स) के साथ समायोजित करके हटाया जा सकता है।

शोधकर्ताओं, एलेक्स और गौरव, की राय है कि ई-बीम उपचार विद्युत उत्प्रेरकों (इलेक्ट्रोकैटलिस्ट्स) पर बड़ी मात्रा में समन्वित रूप से असंतृप्त सक्रिय साइटों का उत्पादन करने का एक प्रभावी तरीका है। यह देखा गया कि ये उत्पन्न साइटें यूरिया को प्रभावी ढंग से सोख लेती हैं और प्रत्यक्ष यूरिया इलेक्ट्रो-ऑक्सीडेशन तंत्र (यूओआर) का पक्ष लेती हैं। शोधकर्ता, सफीर ने एक अन्य एनआई3+ ऑक्साइड सिस्टम डाईनिकेल ट्राईऑक्साइड एनआई2ओ3 पर अध्ययन जारी रखा, जिससे पता चला कि डाईनिकेल ट्राईऑक्साइड एनआई2ओ3 पर सक्रिय प्रजाति एनआई3+(ओएच) में किकेल ऑक्साइड (एनआईओ) की तुलना में उच्च सीओएक्स सहिष्णुता है।

उच्च संयोजकता वाले निकेल ( एनआई) ऑक्साइड प्रणाली की सक्रिय प्रजातियों का उत्प्रेरक गतिविधि पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यूरिया इलेक्ट्रोलिसिस कम लागत वाले हाइड्रोजन उत्पादन के साथ यूरिया आधारित अपशिष्ट उपचार की दिशा में सहायक है। भारत यूरिया उत्पादन में शीर्ष देशों में से एक है।

# मुख्यमंत्री ने बजट में की पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा, कर्मचारियों में जश्न का माहौल

## कर्मचारी संघों ने मुख्यमंत्री बघेल को दी पेंशन पुरूष और न्याय पुरुष की संज्ञा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के साढ़े तीन लाख से ज्यादा शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपने बजट भाषण के दौरान यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों और अधिकारियों में जश्न का माहौल है।**



कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए मुख्यमंत्री की यह घोषणा होली और दीवाली जैसी खुशियां लेकर आया है । कर्मचारी संघों ने पटाखे जलाकर, एक दूसरे को गुलाल में रंगकर तथा मिठाईयां खिलाकर अपनी खुशियां जाहिर की हैं।

इस घोषणा के बाद कर्मचारी संघों के द्वारा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को पेंशन पुरुष और न्याय पुरूष जैसे शब्दों से नवाजा जा रहा है। कर्मचारी संघों ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री के द्वारा विधानसभा में बजट भाषण को सुनने के लिए रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में सुबह से ही लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। बड़ी स्क्रीन पर बजट भाषणा सुनते हुए जैसे ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पुरानी पेंशन योजना फिर से शुरू करने का एलान किया लोगों ने मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दी।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के मुख्य प्रवक्ता तथा छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रदेश के शासकीय सेवकों की लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा किया है। श्री झा ने मुख्यमंत्री को प्रदेश का पेंशन पुरूष कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पेंशन शासकीय सेवक की बुढापे का सहारा है और मुख्यमंत्री ने इसे लागू कर प्रदेश के सभी शासकीय सेवकों को बुढापे की लाठी दे दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शासकीय सेवकों के मान सम्मान और स्वाभिमान की मांग को पूरा करने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। इस एक फैसले से ही मुख्यमंत्री श्री बघेल का नाम छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विवेक दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री की पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक परिवारों के लिए खुशी की सौगात लेकर आयी है। अब किसी भी शासकीय कर्मचारी या उसके परिवार को भविष्य की चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस घोषणा से शासकीय सेवकों और उनके परिजनों का भविष्य हमेशा के लिए सुरक्षित हो गया है।

श्री दूबे ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के साढे तीन लाख से अधिक सरकारी सेवकों को सही मायने में न्याय मिला है। इस हिसाब से जहां मुख्यमंत्री ने किसानों,गरीबों,मजदूरों के लिए न्याय योजनाएं बनायी हैं वहीं अब कर्मचारियों के साथ असल न्याय करके वे प्रदेश के न्याय पुरूष भी बन गए हैं।

### आयुर्वेद से रखें बच्चों की सेहत का ख्याल

# कुपोषण से बचाव के लिए विदारीकंद, अश्वगंधा, शतवारी चूर्ण, कुष्माण्ड रसायन लाभकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। पूरी दुनिया बाल स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील और गंभीर है। बच्चों को कुपोषण और विभिन्न रोगों से बचाने शासन स्तर पर व्यापक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। समुचित टीकाकरण सहित उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में नवजात शिशु से लेकर किशोरों की स्वास्थ्य सुरक्षा और रोगोपचार के व्यापक परामर्श मौजूद हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता ही स्वास्थ्य का मूल आधार है।**

इसलिए आयुर्वेद पद्धति में मुख्य रूप से बच्चों की इम्युनिटी को बढ़ाने और उनकी मेधाशक्ति को विकसित करने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार तथा औषधियों के साथ अंग मालिश व व्यायाम को प्रमुखता दी गई है।

बच्चों में खांसी, सर्दी- जुकाम जैसे मौसमी बीमारियों में आयुर्वेद है कारगर

शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि आयुर्वेद के आठ अंग यानि अष्टांग आयुर्वेद में बाल रोग (कौमारभृत्य) विशिष्ट शाखा है जिसमें नवजात शिशु से लेकर बढ़ते बच्चों के खान-पान, स्वास्थ्य रक्षा, माता का स्वास्थ्य, स्तनपान, शारीरिक व मानसिक विकृति, संक्रमण जन्य रोगों से बचाव और उपचार की विशद व्यवस्था उपलब्ध है। डॉ. चंद्रवंशी ने बताया कि बच्चों में होने वाले सामान्य मौसमी रोग जैसे खांसी, सर्दी-जुकाम के लिए आयुर्वेद पद्धति में सितोपलादी चूर्ण, हरिद्राखंड, बालचतुर्भद्र चूर्ण, शुंठी चूर्ण इत्यादि का प्रयोग किया जाता है। इसी प्रकार चर्म रोगों में गंधक रसायन, आरोग्यवर्धनी वटी, रसमाणिक्य, मरिच्यादि तेल तथा मेधाशक्ति के विकास के लिए ब्राम्हीवटी, वचाचूर्ण, सारस्वतारिष्ट, कल्याणक घृत का प्रयोग किया जाता है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विदारीकंद, अश्वगंधा, शतवारी चूर्ण, कुष्माण्ड रसायन एवं इम्युनिटी बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन, च्यवनप्राश, गिलोय, दालचीनी, मारिच का वर्णन है। इन आयुर्वेदिक औषधियों और रसायनों को आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञों के परामर्श और निगरानी में ही लेना चाहिए, अन्यथा नुकसानदायक हो सकता है। डॉ. चंद्रवंशी ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर में इस विशिष्ट शाखा में स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध कार्य भी हो रहे हैं। महाविद्यालय स्थित चिकित्सालय में बाल स्वास्थ्य और बाल रोगों के चिकित्सा परामर्श के लिए नियमित ओपीडी का भी संचालन हो रहा है जिससे सैकड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि कोविड लॉक-डाउन का सबसे ज्यादा प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ा है। स्कूल इत्यादि लगातार बंद होने तथा लगातार घरों में रहने के कारण बच्चे जहाँ मोटापाजन्य रोगों का शिकार हुए हैं, वही चिड़चिड़ापन, भय, गुस्सा जैसे मानसिक विकारों से भी ग्रस्त हुए हैं। इन सभी विकारों को दूर करने का प्रभावी उपाय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में है। अभिभावक इस पद्धति में बताए गए उपायों को बच्चों की दिनचर्या में शामिल करते हैं तो बच्चे न केवल शारीरिक व मानसिक रोगों से दूर रहेंगे, वरन उनकी बुद्धि भी कुशाग्र होगी।

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्रीमती श्रीरंगम शारदा पति श्री श्रीरंगम श्रीनिवास, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि मैने मेरा पुराना नाम श्रीरंगम शारदा श्रीनिवास पति श्रीरंगम श्रीनिवास बदल कर नया नाम श्रीमती श्रीरंगम शारदा पति श्रीरंगम श्रीनिवास रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में मेरे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम श्रीरंगम शारदा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
श्रीमती श्रीरंगम शारदा पति श्री श्रीरंगम श्रीनिवास, उम्र 42 वर्ष, निवासी सप्तगिरी, प्लाट नं. 02, फेस-02, मैत्रीकुंज, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन : नारी शक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज नगर के मंगल भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मरावी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नारी शक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल जिला पंचायत सीईओ राहुल देव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेरणा आहिरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रबेस सिसोदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष जरही बीजूदशान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती भगवती राजवाडे, जिला पंचायत सदस्य कुलदीप बिहारी, सुहाग वती राजवाड़े, उषा सिंह, श्रीमती अनीता चेरवा, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मरावी, प्रतिनिधिगण, विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि राजकुमारी मरावी ने सभी उपस्थित नारी शक्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस दौरान कहा कि महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जोकि हमारे लिए गौरव की बात है उन्होंने सभी महिलाओं को निरंतर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर कार्य करने कहा जिससे हम सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से भी सशक्त हो सके।

### केन्द्रीय मंत्री ने किया पूसा कृषि विज्ञान मेला-2022 का शुभारंभ

# किसानों को बीज से बाजार तक सुविधाएं दे रही है सरकारः चौधरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली(पीआईबी)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याणमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने किया। डेयर के सचिव व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रने अध्यक्षता की। इस अवसर पर, चौधरी ने दो एकड़ क्षेत्र में विकसित पूसा एग्री कृषि हाट परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। मेले में देश के विभिन्न भागों से पधारे हजारों प्रगतिशील किसान, महिला उद्यमी व स्टार्ट-अप्स शामिल हुए हैं।**



समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने पूसा संस्थान द्वारा किसान हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए किसानों से नई तकनीकों, वैज्ञानिक नवाचारों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा किसान हितों के लिए किए जा रहे कार्यों व कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार किसानों को बीज से बाजार तक की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिसकी कल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। किसानों की मेहनत व वैज्ञानिकों के अनुसंधान की बदौलत भारतीय कृषि उन्नत हो रही है। युवाओं में कृषि के प्रति उत्साह जागृत हो रहा है, जिससे उन्हें रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कृषि मंत्रालय के बजट को लगातार बढ़ाया है, जो अब 1.32 लाख करोड़ रुपये है जबकि सात साल पहले मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले यह बजट मात्र लगभग 23 हजार करोड़ रु. था। वर्तमान बजट में से आधी से ज्यादा राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में सीधे किसानों के बैंक खातों में दी जा रही है, इससे सरकार ने किसानों के प्रति अपनी संवेदनशीलता जाहिर की है, वहीं स्वामीनाथन समिति की सभी सिफारिशों को मोदी की सरकार ने लागू किया है।

चौधरी ने कहा कि सरकार ने न केवल एमएसपी को ज्यादा फसलों पर दर बढ़ाकर लागू किया बल्कि खरीद भी बढ़ाई है। देश में 10 हजार नए एफपीओ 6,865 करोड़ रु. खर्च करके बनाए जा रहे हैं। एक लाख करोड़ रु. के कृषि इंफ्रा फंड से गांव-गांव सुविधाएं जुटाई जा रही है। कृषि से सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए भी विशेष पैकेज दिए गए हैं। किसानों की मेहनत व सरकार के प्रयासों से दलहन सहित खाद्यान्न उत्पादन में रेकार्ड वृद्धि हुई है। ये सारे प्रयास दर्शाते है कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई है। उन्होंने किसानों से सरकार के साथ मिल-जुलकर, योजनाओं का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया।

समारोह में, उप-महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ ए.के. सिंह, उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. टी.आर. शर्मा, एपीडा के चेयरमैन डॉ. एम. अंगमुथु भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

आज लोकार्पित पूसा एग्री कृषि हाट परिसर में किसान तथा किसान उत्पादक संगठन अपने उत्पादों का प्रत्यक्ष विपणन कर पाएंगे। इस सुविधा से उपभोक्ता सीधे ही किसानों के उत्पाद खरीद पाएंगे।






















## खास-खबर

### वायरिंग करने गया तो चोरी हो गई बाइक:बाहर खड़ी करके अंदर काम करने गया था, वापस लौटा तो गायब थी गाड़ी

**जशपुर (ए)।** रायगढ़ में रहने वाले शख्स की बाइक उस समय चोरी हो गई, जब वह रिपेयरिंग करने के लिए जशपुर के एक घर में गया था। उसे इस बात की जानकारी तब लगी, जब वह वापस काम खत्म कर बाहर आया। उसने देखा की उसकी बाइक ही वहां नहीं है। इसके बाद उसने पूरे मामले की शिकायत थाने में की थी। मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है। इस मामले में रायगढ़ के कापू थाना इलाके में रहने वाले तेजराम सिदार ने शिकायत की थी। अपने शिकायत में तेजराम ने बताया कि वह इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। इसी काम के चलते वह 28 फरवरी को पत्थलगांव के बाजारपारा पुरानी बस्ती स्थित एक घर में वायरिंग का काम करने गया था।

तेजराम ने बताया कि जैसे ही वह काम खत्म कर वापस लौटा तो उसने देखा कि उसका गाड़ी ही गायब है। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच में पुलिस को पता चला कि पत्थलगांव के गाला गांव का रहने वाला नवीन देहरी कुछ दिन से किसी बाइक में घूम रहा है। वो उस बाइक के घर के अंदर छिपाकर रखता है। जबकि कुछ दिन पहले तक उसके पास बाइक ही नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से बाइक भी जब्त कर लिया है।

### शिवतराई के तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र से तीर ले गए चोर

**बिलासपुर (ए)।** कोटा क्षेत्र के शिवतराई स्थित तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र से चोरों ने खिलाड़ियों के 108 तीर पार कर दिए। कोच ने इसकी शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। कोटा के शिवतराई में रहने वाले ईतवारी राज(50) सीएएफके जवान हैं। राज्य शासन ने उन्हें शिवतराई स्थित तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में कोच बनाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि प्रशिक्षण केंद्र के एक कमरे में खिलाड़ियों ने अपने तीर रखे थे।

#### हाई स्पीड कार पेड़ से टकराई, तीन दोस्तों की मौत

# बलौदाबाजार से छठी के कार्यक्रम में शामिल होकर रायपुर लौट रहे थे तीनों ट्रक ड्राइवर


**पलारी (ए)।** बलौदाबाजार में बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में 3 दोस्तों की मौत हो गई। जबकि एक घायल है। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराने के चलते हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अंदर फंसे युवकों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। कार अनियंत्रित कैसे हुई, इसका कारण स्पष्ट नहीं है। हादसा पलारी थाना क्षेत्र में हुआ है।



जानकारी के मुताबिक, रायपुर के हीरापुर निवासी सितेंद्र पाठक (42) पुत्र रामगोपाल पाठक, दोंदे खुर्द निवासी लालता प्रसाद द्विवेदी (45) पुत्र रामलोचन द्विवेदी व अशोक यादव (45) पुत्र डंडी राम यादव और खोरसी निवासी भोला गोस्वामी (19) चारों अपने दोस्त मनीष यदु के बच्चे की छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुसमी गए थे। वहां से रात करीब 11 बजे लौटने के दौरान संडी के पास ढाबे से पहले तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई।

### हादसे में तीनों की मौत

राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद बचाव कार्य शुरू किया गया। हालांकि मौके पर ही सितेंद्र पाठक, लालता प्रसाद द्विवेदी और अशोक यादव की मौत हो चुकी थी। जबकि भोला गोस्वामी घायल था। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।



### भोला रास्ते में मिला तो उसे भी दोस्तों ने बिठा लिया था

दरअसल, मरने वाले तीनों युवक ही मनीष के दोस्त थे और छठी कार्यक्रम में जा रहे थे। वह पेट्रोल डलवाने के लिए खरतौरा के पास पंप पर रुके तो वहां कर्मचारी भोला गोस्वामी मिल गया। उससे पहले से जान-पहचान होने के कारण तीनों ने जिद कर उसे भी कार में बिठा लिया और अपने साथ ले गए। पुलिस ने बताया कि तीनों युवक ट्रक ड्राइवर थे। कार लालता प्रसाद की थी, वही ड्राइव भी कर रहा था। फिलहाल शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# आयुक्त ने दिए अवैध निर्माण पर कार्रवाई के निर्देश



**रायपुर (ए)।** रायपुर नगर निगम के आयुक्त प्रभात मलिक ने मंगलवार की शाम निगम मुख्यालय में भवन अनुज्ञा से संबंधित अधिकारियों एवं आर्किटेक्ट की बैठक ली। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निवास पास के बाद भवन निर्माण के दौरान अवैध निर्माण कही भी न होने पाए। यह जवाबदारी भी संबंधित आर्किटेक्ट एवं अभियंता की होगी।

अवैध निर्माणों पर नियम के अनुसार कड़ाई के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण के दौरान आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर समन्वय के साथ मानिंटरिंग करें, ताकि अवैध निर्माणों पर निर्माण के दौरान ही अंकुश लगाया जा सके। बैठक में आयुक्त ने आर्किटेक्ट से पूछा कि निवास पास के विषय में डाक्यूमेंट अपलोड करने कोई व्यवहारिक समस्या तो नहीं आ रही है।

समय सीमा में राज्य शासन की लोककल्याणकारी मंशा के अनुरूप प्रकरणों का व्यवस्थित निदान कर स्वीकृति दिये जाने को प्राथमिकता सभी आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर दें। उन्होंने व्यवहारिक विषयों के संदर्भ में भी जानकारी ली। आयुक्त ने राज्य शासन की लोककल्याणकारी निवास पास की योजना से सभी को सहज व सरल तरीके से लाभान्वित करने सभी कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अपराध रोकने के लिए एंटी क्राइम और भूमि संबंधी अपराधों के लिए भी बनाई गई टीम

**रायपुर (ए)।** चार साल के बाद रायपुर पुलिस एक नए कलेवर में आई है। पूर्ववर्ती रमन सरकार में रायपुर पुलिस ने भूमि संबंधी अपराधों के लिए एक टीम का गठन किया था। तात्कालीन एएसपी स्वर्गीय आईएच खान इसके प्रभारी थे। बाद में लगातार शिकायत मिलने के बाद इस टीम को भंग कर दिया गया था।

### जांच के साथ थाने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे

अब एक बार फिर से इस तरह के अपराधों की जांच के लिए टीम गठित की गई है। इसके साथ ही पुलिस की साइबर टीम, मोबाइल/डाटाबेस टीम और नारकोटिक्स टीम भी काम करेगी। यानि, रायपुर पुलिस ने कामकाज की सुविधा और अपराधों की प्रवृति के दृष्टिकोण से अपने विभाग को चार प्रमुख भागों में बांट दिया है। इस टीम के साथ थानों की पुलिस अपना रुटीन काम करते रहेगी। राज्य शासन के द्वारा रायपुर सहित प्रदेश के तीन जिलों में क्राइम ब्रांच के गठन के आदेश के बाद रायपुर पुलिस ने इस दिशा में काम करना शुरु कर दिया है। यहां एंटी क्राइम और साइबर यूनिट का गठन कर दिया गया है। एएसपी क्राइम अभिषेक माहेश्वरी इस टीम के प्रभारी होंगे। टीम के गठन के साथ चार अलग-अलग विंग बनाए गए हैं। इसमें विभिन्न थानों से 60 से अधिक पुलिस अधिकारियों को लिया गया है। मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।




### इस तरह होंगे काम

**साइबर यूनिट:** इस यूनिट में कुल 15 अधिकारी कार्य करेंगे। जिनका कार्य थानों को अपराधों में सीडीआर, लोकेशन, मोबाइल डाटाबेस संबंधी जानकारी देने के साथ ही अन्य तकनीकी जानकारी प्रदान करना और थानों में दर्ज अपराधों में सहयोग करना रहेगा।

**मोबाइल/डाटाबेस यूनिट:** इस यूनिट में कुल नौ अधिकारी-कर्मचारी काम करेंगे। जिनका काम अपराधों के आधार पर संगठित/बाहरी गिरोह को चिन्हांकित कर आरोपियों को पकड़ना और आरोपियों की संपूर्ण विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आरोपियों का डाटाबेस तैयार करना होगा।

**नारकोटिक्स यूनिट :** यह टीम छह सदस्यीय है। टीम का मुख्य कार्य प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, सिरप की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थो की रोकथाम पर काम करना होगा। इसके अतिरिक्त राज्य व जिलों से आने वाले मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के लिए काम करने का जिम्मा भी इसी टीम का होगा।

**प्रापर्टी आफेंस एंड हीनियस आफेंस:** इस यूनिट में 33 अधिकारी काम करेंगे। जिनका मुख्य कार्य संपत्ति संबंधी अपराध, चोरी, नकबजनी, लूट, डकैती और शरीर संबंधी अपराध जैसे हत्या, हत्या का प्रयास व चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने के साथ ही अन्य प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाना व आरोपियों को पकड़ना होगा।

#### स्टील कारोबारी से 5 लाख की ठगी

# आयरन-स्टील का दिलवाएगा सामान, एडवांस लिया, पर 2 साल बाद भी सप्लाई नहीं

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने एक इस्पात कंपनी के मालिक की शिकायत पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने आयरन एंड स्टील सामग्री की खरीदी के लिए एक व्यक्ति 5 लाख रुपए एडवांस दिया था। एडवांस लेने के बाद आरोपी ने ना तो सामान की सप्लाई दी न रुपए वापस कर रहा है।

खुर्सीपार टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम सुपेला निवासी मुकेश कुमार अग्रवाल (49) ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि सिरसा पदुम नगर पुरानी भिलाई निवासी प्रदीप दुबे से उसकी मुलाकात 4 जनवरी 2020 को उसके ऑफिस में हुई थी। दुबे दिनोदिया इस्पात कंपनी खुर्सीपार आया और बोला कि आयरन स्टील का सामान मध्य प्रदेश के इंदौर से दिलवा देगा।




उसने सामान की फोटो भी दिखाई थी।

फोटोग्राफ्स देखने से मुकेश अग्रवाल उसके झांसे में आ गया और सामान के लिए 5 लाख रुपए एडवांस भी दे दिया। उसके बाद उसने सामान की सप्लाई नहीं की। मुकेश अग्रवाल जब भी उसे फोन लगाता तो वह आज सप्लाई देगा कल देगा की बात कहकर घुमाने लगा। रुपए वापस मांगने पर भी नहीं दे रहा था। इस तरह दो साल गुजर जाने के बाद भी जब उसने सामान की सप्लाई नहीं दो वह एफआईआर दर्ज करा दी।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 0788-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in
// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ( तृतीय आमंत्रण ) //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''बी, सी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग/धमधा के निम्नलिखित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना योजनांतर्गत विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रमांक | नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 234/02.03.2022 | 93614 | दुर्ग | पुरई | 153.24 |
| 2 | 235/02.03.2022 | 93615 | दुर्ग | ढौर, करंजा भिलाई | 360.99 |
| 3 | 236/02.03.2022 | 93616 | दुर्ग | खाडा, चंगोरी, झोला, बिरेझर, तिरगा | 392.34 |
| 4 | 237/02.03.2022 | 93617 | धमधा | भाठाकोकडी, पेण्ड्री (कु.), करेली, गोबरा, खपरी (प), तितुरघाट, सिल्ली | 373.42 |

नोट:- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानाकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 15.03.2022 से देखे जा सकते हैं तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 25.03.2022 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दुर्ग ( छ.ग. )

जी-68541/6



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail : eedurg-phe-cg@nic.in
//ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''बी, सी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा/पाटन के निम्नलिखित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना योजनांतर्गत विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 214/24.01.2022 | 91357 | पाटन | ठकुराईन टोला, गाड़ाडीह, | 172.16 |
| 2 | 216/24.01.2022 | 91359 | पाटन | रीवागहन (आर.), गब्दी | 146.62 |
| 3 | 217/24.01.2022 | 91360 | पाटन | कानाकोट, मटंग | 191.38 |
| 4 | 220/24.01.2022 | 91363 | पाटन | पहडोर, परेवाडीह, महकाखुर्द, आमापेण्ड्री | 281.17 |
| 5 | 221/24.01.2022 | 91364 | धमधा | टठिया, माटरा | 153.73 |
| 6 | 222/24.01.2022 | 91366 | धमधा | डूमर, लहंगा, सण्डी, मोहलई, कोकड़ी | 146.84 |

नोट :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 15.03.2022 से देखे जा सकते है तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 25.03.2022 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी खण्ड दुर्ग (छ.ग.)

जी-68535/6



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**
Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

(Zonal Tender) सूचना प्रथम बार

क्रमांक/15/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2021-22 बालोद, दिनांक 08.03.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) बालोद/गुरूर/डौण्डी/डौण्डीलोहारा/गुण्डरदेही ग्रुप (अ, ब, एवं स) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01 नवंबर 2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित एवं प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 07.02.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 24.03.2022 को अपरान्ह 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 25.03.2022 को 11:30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रू. 20.00 लाख (प्रति ग्रुप)
(2) अमानत राशि रू. 20000.00 (प्रति ग्रुप)
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 (प्रति ग्रुप)

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks एवं http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx या अन्य पोर्टल निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 10.03.2022 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

(जे.आर. रजक)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

जी-68529/4



आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित डूरियन मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लक्जरी सोफा 9500/- से शुरु (गारंटी के साथ)
• लक्जरी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्टी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, ट्रेसिंग टेबल कमप्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली
(भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### सेल-बीएसपी के आरएसएम ने आर-260 ग्रेड रेल के उत्पादन में बनाया नया दैनिक रिकॉर्ड

**भिलाई।** राष्ट्र के लिए रेल निर्माता के रूप में, सेल का भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय रेलवे के दिन-प्रतिदिन के संचालन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। सेल-बीएसपी ने भारतीय रेलवे के कड़े स्पेसिफिक्रेषनों के अनुसार विश्व स्तरीय रेलों की रोलिंग की है। वर्तमान में रेलवे को नए 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ नए आर-260 ग्रेड रेल का उत्पादन और आपूर्ति कर रहा है। इस कड़ी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने 08 मार्च, 2022 को 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 ग्रेड रेल के 260 मीटर लंबे रेल्स की 37 नग दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि 28 फरवरी, 2022 को स्थापित 36 नग दैनिक उत्पादन से कहीं अधिक है। विदित हो कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने 04 मार्च, 2022 को 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 ग्रेड रेल के 736 ब्लूम्स की रोलिंग कर दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि 09 फरवरी, 2022 को स्थापित 643 ब्लूम्स की रोलिंग के दैनिक उत्पादन से कहीं अधिक है।

### पांडुरंगा का कार्टून चीन में सम्मानित, एशियाई खेलों में होगा प्रदर्शित

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त अफसर और प्रख्यात कार्टूनिस्ट बीवी पांडुरंगा राव के एक कार्टून को चीन में विशेष सम्मान मिला है। दुनिया भर के 36 देशों के तीन हजार कार्टून के बीच उनकी कला को चीन ने सम्मानित किया है। उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र के साथ 2 हजार युआन (चीनी मुद्रा) भी प्रदान की गई है। इस वर्ष 10 सितंबर से 25 सितंबर तक चीन के हांगजू में होने वाले प्रतिष्ठित एशियाई खेलों में राव का यह कार्टून प्रदर्शित किया जाएगा। राव ने इस सम्मान के लिए आभार जताया है। राव ने बताया कि उन्होंने यह कार्टून मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया में बढ़ती सहभागिता के दुष्परिणाम को दर्शाया था कि किस तरह बच्चे से लेकर बड़े तक इसकी गिरफ्त में आ गए हैं। जिससे न सिर्फ खेल बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारा प्रदर्शन प्रभावित हो रहा है। राव ने बताया कि दुनिया भर के 30 कार्टून के साथ उनके कार्टून को 'एक्सीलेंस वर्क्स' श्रेणी में चुना गया और चीन की पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी 'खेल हास्य-2022' के प्रतिष्ठित ' उल्लेख' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि हांगजू में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में उनके इस कार्टून को प्रदर्शित किया जाएगा, वहीं इस कार्टून के साथ उनका एक वीडियो भी वहां लोग देख पाएंगे। जिसे हाल ही में उन्होंने रिकार्ड कर चीन भेजा है। इस वीडियो में उन्होंने अपना परिचय और अपनी कला पर बात रखी है।

### परीक्षार्थी ने 5 बार अपनी समस्या को रखकर समाधान प्राप्त किया, बोर्ड हेल्पलाईन को दिया धन्यवाद

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, की हेल्पलाईन के टोल फ्री नम्बर 18002334363 पर 10वीं विज्ञान की समस्या समाधान के लिए घंण्टी निरन्तर निरन्तर आती रही विद्यार्थियों,पालकों की एवं वे अपनी समस्याओं का समाधान पाते रहे । हेल्पलाईन में आज विज्ञान विषय विशेषज्ञ श्रीमती अर्पणा तिवारी, श्रीमती आरती शर्मा, श्रीमती सोमाबनिक, श्रीमती ज्योति ठाकुर द्वारा विज्ञान विषय से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही मण्डल के उपसचिव जे.के. अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं हेल्प लाईन समन्वयक प्रदीप कुमार साहू राजेन्द्र दुबे, श्रीमती अर्चना वर्मा, श्रीमती प्रीति शुक्ला सहायक प्राध्यापक के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा रखी गई। समस्याओं का समाधान किया गया।

## ऐसा बजट आज तक कभी किसी राज्य में प्रस्तुत नहीं किया गया - वोरा

# सर्वांगीण विकास एवं राज्य की प्रगति के लिए सरकार है प्रतिबद्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास एवं आम जनता की भावनाओं के अनुरूप मानव संसाधन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने बजट को ऐतिहासिक बताया।**

उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास एवं आम जनता की भावनाओं के अनुरूप ऐसा बजट आज तक कभी किसी राज्य में प्रस्तुत नहीं किया गया। बजट में गरीब, मजदूर, किसान, महिला, मध्यवर्ग, युवा , बेरोजगार, कर्मचारी, संस्कृति एवं धरोहर सभी के संरक्षण एवं सशक्तिकरण का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने जो कहा वो कर के दिखाया है। छत्तीसगढ़ के नए विकास मॉडल की चर्चा पूरे देश मे फैल रही है। अन्नदाता किसानों का खेती के प्रति रुझान लौटना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को 6 हजार की जगह 7 हजार रु प्रतिवर्ष दिए जाने का निर्णय सराहनीय है साथ ही इस वर्ग में देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्तियों को भी लाभान्वित करने का निर्णय ऐतिहासिक है। गौठानों को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करने एवं बजट में उन्नत अधोसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं हेतु 600 करोड़ का प्रावधान करने के निर्णय की तुलना किसी पूर्ववर्ती योजना से नहीं कि जा सकती। भूपेश सरकार ने ना सिर्फ



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धरोहर को संभालने का कार्य किया है बल्कि उनके सपनों के भारत की दिशा में ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं आम जनता को मजबूत करने एक ठोस संकल्पना का भी दृढ़ निश्चय दिखाया है। 15 वर्षों तक सिर्फ राज सत्ता का सुख भोगने वालों के लिए यह पचा पाना मुश्किल है। प्रदेश के युवा वर्ग को अब व्यापम की प्रतियोगी परीक्षा में हिस्सा लेने किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। सरकारी कर्मचारी हों अथवा शासकीय अधिवक्ता एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज से जुड़े जनप्रतिनिधियों सभी सीधे जनसेवा से जुड़े हुए लोगों के मानदेय से लेकर विकास निधि में भी दोगुनी वृद्धि कर मुख्यमंत्री ने जनता को विकास के और अधिक करीब लाया है। कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में सरकार ने बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने गंभीरता से कार्य किया है जिससे ना सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ हुई हैं बल्कि रोजगार के अवसर भी युवाओं को प्राप्त हुए हैं जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। बिना किसी नवीन कर का प्रस्ताव रखे ऐसे विकासोन्मुखी बजट की हर किसी को उन्मुक्त कंठ से सराहना करनी चाहिए। वोरा ने दुर्ग जिले में विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि की सौगात देने हेतु मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

बजट में गरीब, मजदूर, किसान, महिला, मध्यवर्ग, युवा , बेरोजगार, कर्मचारी, संस्कृति एवं धरोहर सभी के संरक्षण एवं सशक्तिकरण का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने जो कहा वो कर के दिखाया है। छत्तीसगढ़ के नए विकास मॉडल की चर्चा पूरे देश मे फैल रही है। अन्नदाता किसानों का खेती के प्रति रुझान लौटना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को 6 हजार की जगह 7 हजार रु प्रतिवर्ष दिए जाने का निर्णय सराहनीय है साथ ही इस वर्ग में देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्तियों को भी लाभान्वित करने का निर्णय ऐतिहासिक है।

गौठानों को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करने एवं बजट में उन्नत अधोसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं हेतु 600 करोड़ का प्रावधान करने के निर्णय की तुलना किसी पूर्ववर्ती योजना से नहीं कि जा सकती। भूपेश सरकार ने ना सिर्फ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धरोहर को संभालने का कार्य किया है बल्कि उनके सपनों के भारत की दिशा में ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं आम जनता को मजबूत करने एक ठोस संकल्पना का भी दृढ़ निश्चय दिखाया है। 15 वर्षों तक सिर्फ राज सत्ता का सुख भोगने वालों के लिए यह पचा पाना मुश्किल है। प्रदेश के युवा वर्ग को अब व्यापम की प्रतियोगी परीक्षा में हिस्सा लेने किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। सरकारी कर्मचारी हों अथवा शासकीय अधिवक्ता एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज से जुड़े जनप्रतिनिधियों सभी सीधे जनसेवा से जुड़े हुए लोगों के मानदेय से लेकर विकास निधि में भी दोगुनी वृद्धि कर मुख्यमंत्री ने जनता को विकास के और अधिक करीब लाया है। कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में सरकार ने बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने गंभीरता से कार्य किया है जिससे ना सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ हुई हैं बल्कि रोजगार के अवसर भी युवाओं को प्राप्त हुए हैं जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है।

बिना किसी नवीन कर का प्रस्ताव रखे ऐसे विकासोन्मुखी बजट की हर किसी को उन्मुक्त कंठ से सराहना करनी चाहिए। वोरा ने दुर्ग जिले में विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि की सौगात देने हेतु मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

# सफाई मित्रों को स्वच्छता के आधुनिकीकरण पर मिली जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वच्छता के आधुनिकीकरण और सुरक्षा मापदंडो के अनुरूप सफाई कार्यो को लेकर भिलाई निगम के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सफाई कर्मी शामिल हुए और स्वच्छता के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले नई मशीने और आधुनिकीकरण के बारे में जानकारी प्राप्त किए। सफाई के दौरान धूल, कीचड़ व अन्य समस्याओं से निपटने के तरीको को बताया गया। दिल्ली से आए हुए विशेषज्ञों ने सफाई कर्मी को संसाधनों को बेहतर उपयोग करने के साथ उनके सुरक्षा और सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिए। भिलाई निगम क्षेत्र में शौचालयों की सफाई पूर्णतः मशीनों के द्वारा किया जाता है जिसकी सराहना भी की गई।

निगम क्षेत्र में सफाई कार्यो को अंजाम देने वाले सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, सफाई कार्य में मशीनों के आधुनिकीकरण के साथ कार्य, सफाई कर्मी को मिलने वाली सुविधाओं जैसे विभिन्न विषयों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

सुबह 10 बजे से निगम के सभागार में आयोजित कार्यशाला में भिलाई निगम के सभी जोन से सफाई कर्मचारी शामिल हुए और सफाई कार्य से संबंधित नए आयामों की जानकारी लिए। दिल्ली से आए हुए नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों ने बताया कि सेप्टिक टैंक और सीवर लाइनो की सफाई मैनुअल तरीके से नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यहां से कई तरह के खतरनाक गैस निकलती है जिससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। शौचालयों सेप्टिक टैंक की सफाई पूर्ण मशीन आधारित किया जाना चाहिए। इस दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि भिलाई निगम प्रशासन में 6 नग सक्शन कम यूनिट है। जिसके माध्यम से शौचालय, सेप्टिक टैंक सफाई की मांग आने पर सफाई पूर्णतः मशीनो द्वारा किया जाता है जिसका टीम ने सराहना भी किए।

# मुख्यमंत्री को नगर निगमों के महापौरों ने वर्ष 2022-23 का कल्याणकारी बजट प्रस्तुत करने पर दी हार्दिक बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां विधानसभा परिसर स्थित सेंट्रल हॉल में छत्तीसगढ़ के 12 नगर निगमों के महापौरों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कल्याणकारी बजट प्रस्तुत करने पर मुख्यमंत्री श्री बघेल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महापौरों ने कहा है कि बजट में सभी वर्गों के कल्याण एवं उन्नति को ध्यान में रखा गया है। आर्थिक विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। वर्ष 2022-23 के बजट से समावेशी विकास की गति को बल मिलेगा।



इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, संसदीय सचिव श्री चन्द्रदेव राय, विधायक श्री विनय जायसवाल और श्री देवेंद्र यादव सहित रायपुर नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर, दुर्ग महापौर श्री धीरज बाकलीवाल, कोरबा महापौर श्री राज किशोर प्रसाद, चिरमिरी महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, भिलाई महापौर श्री नीरज पाल, भिलाईचरौदा महापौर श्री निर्मल कोसरे, रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, धमतरी महापौर श्री विजय देवांगन, जगदलपुर महापौर श्रीमती सफीरा साहू, राजनांदगांव महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, रायगढ़ महापौर श्रीमती जानकी बाई काटजू और बिरगांव महापौर नन्दलाल देवांगन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के राज्य के बजट में शहरी निर्धन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने हेतु ''मोर जमीन मोर मकान'' तथा ''मोर मकान मोर चिन्हारी'' योजनाओं के तहत 450 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। नगरीय निकायों में जल प्रदाय योजना के लिये अनुदान मद में 30 करोड़ रूपए तथा ऋण हेतु 55 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार बजट में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से नगरीय निकायों के सम्पत्ति के ऑफसेट मूल्य को कलेक्टर गाइडलाइन में निर्धारित दर से 30 प्रतिशत कम करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा मिशन अमृत 2.0 के तहत शहरों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल तथा समस्त घरों में नल कनेक्शन प्रदाय करने के लिये 200 करोड़ रूपए एवं नगरीय निकायों की जल आवर्धन योजना में 380 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। कोरबा, दन्तेवाड़ा, सक्ती, शिवरीनारायण एवं चन्द्रपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना हेतु 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

# जनचौपाल व नागरिकों की शिकायतों का करें त्वरित निराकरण - आयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर निगम आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रख कर शहर की सफाई एवं शौचालयों की व्यवस्था पर विशेष अभियान चलाकर कार्य करे, ताकि निगम भिलाई इस बार भी देश में अपना स्थान बनाये। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सघन बस्ती में पर्याप्त पेयजल पहुँचे इस हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें।**

आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए उक्त बात कही उन्होने आगे कहा की स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम भिलाई निगम पहुँचे तो उन्हे हमारा शहर स्वच्छता के हर मापदण्ड पर खरा दिखना चाहिए।

इसके लिए निगम को टीम भावना के



साथ कार्य करना होगा तथा जनप्रतिनिधि एवं नगर वासियों को भी स्वच्छता के कार्य में जोड़े, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने स्वच्छता कार्य के लिए पृथक से बैठक रखकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये।

आयुक्त ने बैठक की शुरूवात अन्य पिछड़ा वर्ग एवं कमजोर आय वर्गो का घर-घर किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य का जोनवार प्रगति की जानकारी से कि उन्होने शासन की महत्व योजना गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी तथा वर्मी खाद सहित गोबर से बनने वाले अन्य उत्पाद की जानकारी ली तथा आगामी वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। शहर में लगे बेतरतीब ठेले खोमचों को हटाकर यातायात को सुगत बनाने तथा गंदगी फैलाने वाले दुकानदारो के विरूद्व कार्यवाही करने को कहा।

आयुक्त सर्वे ने मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यो के प्रगति, मोर मकान, मोर चिन्हारी, शहरी अजीविका मिशन के कार्य, पौनी पसारी योजना, ट्रैफिक सिग्नल, रेन वाटर हार्वेसटिंग तथा स्व सहायता समूह द्वारा तैयार खाद्य पदार्थो की बिक्री को बढ़ावा देने कलेक्टर जनचौपाल, प्रधान मंत्री कार्यालय में दर्ज शिकायत समय सीमा के लंबित शिकायत पत्रों की समीक्षा कर शीध्र निराकरण किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी उपायुक्त सुनील अग्रहरी, अधीक्षण अभियंता यु.के.धनेन्द्र, दीपक जोशी, जोन आयुक्त मनीष कुमार, पुजा पिल्लई, येशा लहरे, प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, टी.के.रणदीवे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, भवन अधिकारी हिमान्शु देशमुख, सहायक अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी सहित विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## बजट में राज्य के विकास का अद्भुत विजन : हर वर्ग के लिए संवेदनशील फैसले : राजेंद्र साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज पेश किये गए बजट को जनहित के मद्देनजर ऐतिहासिक बजट बताया है। राजेंद्र ने कहा कि बजट में जहां ग्राम से लेकर शहर के विकास का विजन है।**

वहीं आम जनता, अधिकारी, कर्मचारी, किसान, मजदूर वर्ग के लिए शानदार योजनाओं का प्रावधान किया गया है। बजट घोषणाओं से हर वर्ग को राहत मिलेगी।

राजेंद्र ने कहा कि पुरानी पेशन योजना लागू करने से पूरे प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इस योजना से लाखों परिवारों को राहत मिली है। इस घोषणा से पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल है। इसी तरह विधायक निधि की राशि दो करोड़ से बढ़ाकर चार करोड़ की गई है। इससे हर विधानसभा क्षेत्रों का विकास होगा। ग्राम पंचायत की अनुमति के बिना गांव में खदान शुरू नहीं होने की घोषणा और इसी तरह सरपंचों का भत्ता प्रतिमाह दो हजार से बढ़ाकर 4000 करने से पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बस्तर संभाग में कार्य कर रहे पुलिसकर्मी सहायक आरक्षकों को पदोन्नति और वेतन भत्ते का लाभ दिलाने के लिए डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फोर्स के नाम पर नए कैडर की घोषणा भी महत्वपूर्ण घोषणा है।

## पुरानी पेंशन योजना बहाली का मिलेगा लाभ

# भूपेश बघेल का यह बजट प्रदेश को नई दिशा में ले जाएगा- तुलसी साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को छत्तीसगढ़ का अपना चौथा बजट पेश किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट में गांव गरीब किसान युवा सभी का देखने को मिला। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई की प्रथम अध्यक्ष श्रीमती तुलसी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा ऐलान किया है जिसके चारों तरफ सराहना हो रही है।**

श्रीमती तुलसी साहू ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का निर्णय एक अच्छी पहल है। इससे लाखों सरकारी



कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में 32 नए आत्मानंद हिंदी माध्यम के स्कूल खोलने का निर्णय भी विशेष है। इससे सरकारी हिंदी माध्यम स्कूलों में पढने वाले बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उनका भविष्य उज्जवल होगा। यही नहीं सीएम भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य व खेलों पर विशेष ध्यान देते हुए करोड़ों का प्रावधान किया है।

श्रीमती तुलसी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का यह बजट प्रदेश को नई दिशा में ले जाएगा। इस बजट में सभी का हित रखा गया है। चाहे वह गरीब किसान हो या अमीर उद्योगपति। इस बजट से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर दिखा दिया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस के सरकार बेहतर कार्य कर रही है। इसका उदाहरण आए दिन देखने को मिलता है। श्रीमती तुलसी साहू ने कहा कि यह बजट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदृष्टि को दिखाता है।

श्रीमती तुलसी साहू ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा गोधन की बात करते हैं और यह आज के बजट में भी देखा गया। उन्होंने सदन में गोबर से बने ब्रीफकेस लेकर प्रवेश किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर महिला समूह ने इस विधेयक को तैयार किया। पूरे देश में अपनी तरह का यह पहला मामला है कि किसी मुख्यमंत्री ने इस तरह गोबर से बने ब्रीफकेस का इस्तेमाल बजट के लिए किया हो।

# हर वर्ग का है बजट, स्वास्थ्य शिक्षा को मिलेंगे नए आयाम - लक्ष्मीपति राजू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है। नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज सर्वहितकारी बजट प्रस्तुत किया गया। इस बजट में स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेलों के क्षेत्र में विशेष प्रावधान किए गए जिससे इस क्षेत्र में युवाओं को बेहतर मौके मिलेंगे।**

लक्ष्मीपति राजू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करते हुए एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है। जिसका सरकारी कर्मचारियों को



लाभ मिलेगा। इस निर्णय से सरकारी कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग लंबे समय से कर रहे थे इनकी मांग को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंभीरता से लिया और इस बजट में उसे बहाल कर दिया।

लक्ष्मीपति राजू ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक निधि को दुगना कर क्षेत्र के विकास को भी नया आयाम दिया है। क्षेत्र के विधायक पहले 2 करोड रुपए के विकास कार्य करा पाते थे अब चार करोड रुपए से वह शहर का विकास कराएंगे। इससे विकास का दायरा तो बढ़ेगा ही साथ ही शहर को संवारने कभी मौका मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कई मदों में राशि बढ़ाई है जिसका सीधा सीधा लाभ जनता को होगा।

लक्ष्मीपति राजू ने यह भी कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गाय कृषि और गांव की बात की है। जो वह हमेशा करते आए हैं और इसे सार्थक भी किया है। आज बजट के दौरान उन्होंने गोबर से निर्मित अटैची का इस्तेमाल किया जो अपने आप में एक अलग पहल है। इस बार के बजट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोठानों को महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है जोकि सराहनीय है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बेहतर और विकास परख बजट पेश किया है।

### सतत विकास की आधारशिला भूपेश सरकार की बजट - महापौर

**दुर्ग।** भूपेश सरकार के बजट को समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बताते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा है कि बजट में सभी वर्गों की उन्नति को ध्यान में रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के राज्य के बजट में शहरी निर्धन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने हेतु ''मोर जमीन मोर मकान'' तथा ''मोर मकान मोर चिन्हारी'' योजनाओं के तहत 450 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। नगरीय निकायों में जल प्रदाय योजना के लिये अनुदान मद में 30 करोड़ रूपए तथा ऋण हेतु 55 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार बजट में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से नगरीय निकायों के सम्पत्ति के ऑफसेट मूल्य को कलेक्टर गाइडलाइन में निर्धारित दर से 30 प्रतिशत कम करने की घोषणा की गई है। जल आवर्धन योजना में 380 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950